हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 02.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 130 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## आलू की आवक रोके जाने पर हेमन्त सोरेन ने लिया संज्ञान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पड़ोसी राज्य बंगाल से आलू की आवक रोके जाने के मामले में संज्ञान लिया और राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को मामले में तुरंत कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके बाद झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने वेस्ट बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर बातचीत की यह बातचीत सकारात्मक रही।

### झारखंड के व्यापारियों में दिख रहा आक्रोश

बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड में आलू की आवक रोकने के मामले में हाल ही में व्यापारियों में काफी रोष देखने को मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी





ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य की मुख्य सचिव को तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिया था।

### बंगाल के मुख्य सचिव ने मुद्दे के समाधान का दिया भरोसा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 30 नवंबर को मामले में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को मामले का समाधान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद मुख्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर बात की और इस विवाद का शीघ्र समाधान निकालने के लिए कदम उठाने की बात कही। मनोज पंत ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही एक कमेटी का गठन कर इस आलू के मुद्दे का समाधान किया जाएगा।

## एक नजर

### दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं होगा : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली** : आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में फरवरी में होने वाले चुनाव में किसी भी तरह का गठबंधन करने से इनकार किया है। यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि कोई गठबंधन नहीं होगा। उल्लेखनीय की दिल्ली में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इसके बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी सभी सातों सीटों पर जीती थी। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी भी आई एन डी आई ए गठबंधन में सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को तैयार नहीं दिख रही है। कांग्रेस पार्टी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ न्याय यात्रा निकाल रही है।

### समानता लाने के लिए सबसे परिवर्तनकारी तंत्र है शिक्षा : उप राष्ट्रपति

**कानपुर** : बच्चों में सीखने के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिए और उन्हें असफलता से नहीं डरना चाहिए। यही बच्चे भारत का भविष्य बनाएंगे और भारत को दुनिया में एक महान राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। इसके लिए शिक्षा ही सब कुछ है और शिक्षा का दूसरा पहलू यह भी है कि समानता लाने के लिए यह सबसे परिवर्तनकारी तंत्र भी है। यह बातें रविवार को कानपुर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। उपराष्ट्रपति रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुझे सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल कानपुर के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह में भाग लेने में खुशी हो रही है। मैं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जैपुरिया परिवार की प्रतिबद्धता की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे मन में सदा रहना चाहिए कि भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है। आप बहुत ही भाग्यशाली हैं कि भारत किसी का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संकल्प लेना कि वह ज्ञान की जिज्ञासा, माता पिता के प्रति सम्मान, शिक्षकों के प्रति आदर हमेशा रखेंगे। यह छात्र जीवन कभी वापस नहीं आएगा।

### शेख हसीना पर हमला मामले में खालिदा के बेटे समेत सभी आरोपी बरी

**बांग्लादेश** : बांग्लादेश में ढाका उच्च न्यायालय ने रविवार को निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए 2004 में अवामी लीग की नेता शेख हसीना की रैली में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और पूर्व राज्य मंत्री लुत्फोज्जमां बाबर सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, ह्यह्यउच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और तारिक रहमान सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। ढाका के बंगबंधु एवेन्यू में अवामी लीग की रैली पर ग्रेनेड हमले के बाद दो मामले - एक हत्या का और दूसरा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए थे।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में मारे गये सात नक्सली

एजेंसी

**छत्तीसगढ :** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ की खबर मिल रही है। मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने बड़ी सफलता हासिल की है। खबर है कि सात नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षाबल ने मौके से एके-47 सहित अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक आज सुबह मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच घंटों गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तेलंगाना ग्राउंड



और माओवादी विरोधी दस्ते ने मिलकर यह ऑपरेशन चलाया है। मृतकों की पहचान कुरुसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पपन्ना (35), एगोलापु मल्लया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), मुसाकी जमुना (23), जयसिंह (25), किशोर (22) और कामेश (23) के रूप में हुई। पुलिस मुठभेड़ में कितने नक्सली मारे गए इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार मरने वालों में शीर्ष नक्सली कमांडर



भी शामिल है। कहा जाता है कि इलांडु नरसंपेट एरिया कमेटी सचिव भद्रू अलियास पपन्ना और उसके साथी मुठभेड़ में मारे गए हैं। फिलहाल, इलाके में तलाशी अभियान जारी है। इस कार्रवाई को सुरक्षाबलों की एक और बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, खासकर जब बीजापुर, सुकमा और तेलंगाना सीमा पर सुरक्षाबलों द्वारा नए कैम्प लगाए गए हैं। इन कैम्पों के बाद नक्सली अब तेलंगाना में शरण लेने लगे हैं।

## चंद्रबाबू को मिली जमानत के खिलाफ जनवरी में सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कौशल विकास निगम घोटाला मामले में उट चंद्रबाबू नायडू को मिली जमानत के खिलाफ याचिका दायर की गयी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट जनवरी में सुनवाई करेगा। मिली खबरों में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की अपील की सुनवाई टाल दी है, जिसमें कौशल विकास निगम घोटाले मामले में मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को दी गई जमानत को चुनौती दी गई है। अब सुनवाई जनवरी 2025 के दूसरे सप्ताह में होगी। शुक्रवार को सत्र के दौरान, जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस एस.सी. शर्मा की बेंच ने राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के अनुरोध पर स्थगन दिया। मामले को अनिश्चित काल तक बढ़ाने की अनिच्छा व्यक्त करते हुए, बेंच ने टिप्पणी की, समय-समय पर मामले को स्थगित करने का कोई मतलब नहीं है। अंतिम अवसर के रूप में, जनवरी के दूसरे सप्ताह में सूचीबद्ध करें। राज्य की अपील में कहा गया है कि नायडू, जिन्हें प्रभावशाली व्यक्ति बताया गया है, ने कथित तौर पर एक सरकारी कर्मचारी सहित दो प्रमुख सहयोगियों को भागने में प्रभावित किया, जिससे जांच में बाधा उत्पन्न हुई। सरकार की दलील में इस बात पर जोर दिया गया कि अभियुक्त द्वारा की गई ऐसी हरकतें जमानत रद्द करने का कारण बनती हैं, और तर्क दिया गया कि, इसलिए अभियुक्त स्पष्ट रूप से जांच के संचालन में बाधा डाल रहा है और इसलिए उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने इससे पहले 20 नवंबर, 2023 को नायडू को जमानत दी थी, जिसमें जमानत के मामलों में विवेक का प्रयोग करने में विवेकपूर्ण, मानवीय और दयालु दृष्टिकोण की आवश्यकता का हवाला दिया गया था।

## ब्रिक्स देशों को ट्रम्प की धमकी, नई करेंसी बनाई तो लगा देंगे सौ फीसदी टैरिफ

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ब्रिक्स देशों को धमकाया है। ट्रम्प ने धमकी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अपनी कोई नई करेंसी लेकर आते हैं और अमेरिकी डॉलर से व्?यापार नहीं करते तो उन पर सौ फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों में भारत के साथ-साथ रूस, चीन, ब्राजील, साउथ अफ्रीका, मिस्त्र, ईरान, यूएई और इथियोपिया शामिल हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पद संभालने से पहले ही अपने तेवर दिखा दिए हैं। ट्रम्प ने मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमें इन देशों से एक प्रतिबद्धता की जरूरत है कि वे न तो एक नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली



अमेरिकी डॉलर को बदलने के लिए किसी अन्य मुद्रा को वापस लेंगे या उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। या फिर अमेरिका के बाजार को अलविदा कहना होगा। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, ऐसे देश किसी अन्य मार्केट की तलाश कर सकते हैं। ऐसी कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा और जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा उसे अमेरिका को अलविदा कह देना चाहिए। खास बात यह है कि हाल के महीनों में ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर के बजाय अपनी नई करेंसी या अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पिछले महीने ही ब्रिक्स समिट हुआ था जिसमें नई करेंसी पर चर्चा हुई थी। मगर डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी के बाद ब्रिक्स देशों को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि पदभार ग्रहण करते ही वह कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि वह तब तक टैरिफ लागू रखेंगे, जब तक दोनों देश अपने क्षेत्रों से अवैध रूप से अमेरिका में ड्रग्स और अप्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोकते।

## देश की एकता को तोड़ने में लगे हैं नरेन्द्र मोदी : खरगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि 'एक हैं तो सेफ हैं' लेकिन आप सेफ रहने ही नहीं दे रहे। सच्चाई ये है कि काटने वाले भी आप हैं और बांटने वाले भी आप हैं। देश की एकता को तोड़ने में नरेन्द्र मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता उदित राज के नेतृत्व में आयोजित ईवीएम हटाओ महारैली में खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई उनकी फैलाई गई नफरत के खिलाफ है, जिसके लिए राजनीतिक शक्ति बेहद जरूरी है। अगर बाबासाहेब आम्बेडकर संविधान के रूप में मताधिकार नहीं देते, तो देश में लोग बड़े



और शक्तिशाली पदों पर पिछड़े नहीं बैठे होते। उन्होंने कहा कि आज देश में हर जगह सर्वे वाले ये पता लगा रहे हैं कि कहां पहले मंदिर थे और कहां मस्जिद थी। लेकिन 2023 में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था- 'हमारा लक्ष्य राम मंदिर बनाने का था, हर मस्जिद के नीचे शिवालय ढूंढना गलत है।' जब भाजपा आरएसएस वाले ही ये बातें कह रहे हैं, तो फिर सर्वे के नाम पर खोद-खोदकर झगड़ा क्यों लगाया जा रहा है। हम सभी तो एक हैं। भाजपा पर चुनाव में गलत तरीके इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नैतिकता की सिर्फ बातें करती है, लेकिन अनैतिक काम करती है। वो कभी ईवीएम से वोट चुराती है तो कभी आपके चुने हुए विधायक को चुराती है। कभी आपकी पेंशन चुराती है तो कभी किसानों की एमएसपी चुराती है। ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें आती हैं कि चुनाव हो जाने के बाद भी ईवीएम में 99 प्रतिशत बैटरी बची रह गई, तो कभी एक घंटे में हजार वोट डाल दिए गए। इसलिए ये बहुत जरूरी है कि हम साथ मिलकर लोकतंत्र को बचाएं। कांग्रेस की नीतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती ही जा रही है, फिर भी नरेन्द्र मोदी इस ओर ध्यान नहीं देते। इसलिए हम साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ेंगे। हम जातिगत जनगणना करवाएंगे और रिजर्वेशन में 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म कर उसे आगे बढ़ाएंगे, तभी लोगों को न्याय मिलेगा।

## भारत अब लेने नहीं, बल्कि देने वाला देश है : जेपी नड्डा

एजेंसी

**इंदौर :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब भारत में टिटनेस की दवा को 40 साल, टीबी की दवा को 30 साल, डिप्थीरिया की दवा को 30 साल, जापानी बुखार को ठीक करने वाली दवा आने में 100 साल लग गए, लेकिन कोरोना के दो टीके नौ माह में आ गए। जिन्होंने कई लोगों की जिंदगी बचाई। हमने चालीस देशों को मुफ्त कोरोना की दवा दी। यह बदलता भारत है। कोरोना मैनेजमेंट को उठाकर देखिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि अमेरिका में स्ट्राइक हुई, यूरोप में लोगों ने लॉकडाउन लगाने से रोका, कई देश लॉकडाउन लगाने के लिए तय नहीं कर पाए। वे असमंजस में थे। लेकिन भारत में पहले जनता कर्फ्यू,



फिर लॉकडाउन लगाए। भारत ने पीपीई किट बनाए, आईसीयू में जगह तैयार की, सैनेटाइजर, मास्क बनाए। तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जान भी है और जहान भी। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज कोरोना वैक्सीन बनाने का अभियान भारत में चला। अब भारत लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला देश बन चुका है। कोरोना का मैनेजमेंट देश में प्रभावी रहा। वे रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर इंदौर के खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एड्स को लेकर चर्चा करने में कई संकोच नहीं करना चाहिए। जब मैं इस पर बात कर सकता हूं तो आपको भी समाज में जाकर खुलकर चर्चा करना चाहिए। स्कूलों में कार्यक्रम होना चाहिए। 9वीं-10वीं के बच्चों को जागरूक करना चाहिए। कैंपेन चलाना चाहिए। हेल्दी बिहेवियर को प्रमोट करना चाहिए। वर्ल्ड एड्स डे एचआईवी और उसके खिलाफ चल रही जंग को डेडिकेट और रि-डेडिकेट करने का दिन है। यह दिन अपने आप को एचआईवी से प्रोटेक्ट करने का दिन है। अभी ऐसी कोई दवा नहीं आई है जो पूरी तरह एचआईवी को ठीक कर सके। दवाएं तो पूरे समय खाना पड़ेंगी, लेकिन दवाओं से व्यक्ति पूरे जीवन स्वस्थ रह सकता है। इसलिए ऐसे लोगों को समाज में जगह देना चाहिए। नड्डा ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों से बात करते हुए कहा कि हमारे समाज ने देश में एड्स की लंबी लड़ाई लड़ी है। लेकिन हमारे नौजवानों ने अंधकार का वो काला दौर नहीं देखा। इसलिए आपको मालूम नहीं है कि एड्स का मतलब क्या है। आप लोगों ने 80 का दसक नहीं देखा। आपको मालूम नहीं है कि एड्स मतलब क्या होता है। उस समय अगर कोई एड्स मरीज किसी को छू जाए तो लोग डर जाते थे। लोग ऐसे परिवारों से दूर रहते थे। हेयर कटिंग सैलून वाला बार-बार अपने उस्तरे को पोछता था तब डर लगता था। हमारे देश की कंपनियों ने दुनिया में एड्स की सबसे सस्ती और इफेक्टिव दवाएं बनाईं। इनके माध्यम से हम अफ्रीका, साउथ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका समेत कई देशों की मदद कर रहे हैं। हम देश के 95 फीसदी एचआईवी मरीजों तक समय पर दवा पहुंचा रहे हैं।

## झारखंड के 5.66 लाख बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान भारत का लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के 5.66 लाख बुजुर्गों के लिए केंद्र की ओर से बड़ी खबर सामने आ रही है। केंद्र की मोदी सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए वय वंदना कार्ड जारी करने वाली है। वहीं, झारखंड में भी इस योजना के अंतर्गत बुजुर्गों के लिए वय वंदना कार्ड की शुरूआत हो गयी है। इससे राज्य के लगभग 5,66,246 बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। बता दें कि आयुष्मान भारत आरोग्य योजना के तहत 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग लोगों के लिए केंद्र सरकार ने वय वंदना कार्ड बनाने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत इन बुजुर्गों को 5 लाख तक की मुफ्त




चिकित्सा का लाभ मिलेगा। वहीं, जानकारी हो कि वय वंदना कार्ड केवल उन लोगों के लिए मान्य होगा, जिनकी आयु 70 साल या उससे अधिक है। यह कार्ड केवल उनके ही लिए बनाया जाएगा। बता दें कि कार्ड बनवाने के लिए बुजुर्गों के पास आधार कार्ड होना जरूरी है। बुजुर्ग अपने आधार कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं। वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या प्रज्ञा केंद्र में जाकर भी ऑनलाइन इस कार्ड को बनवा सकते हैं।

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाएगा पुष्पा इम्पॉसिबल

**हजारीबाग :** सोनी सब लंबे समय से अपने प्रगतिशील और सशक्तीकरण का संदेश देने वाले शो के लिए जाना जाता है, दुनिया तीन दिसंबर को दिव्यांग व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस को मनाने के लिए तैयार है, शो के लॉन्च के समय चैनल ने विशेष रूप से सक्षम अभिनेता हंस असलोट को डाउन सिंड्रोम वाले एक पात्र गोलू के रूप में कास्ट करके समावेशिता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई। यह निर्णय न केवल उन्हें अपने साथी अभिनेताओं के साथ कहानी में जोड़ता है, बल्कि उनकी ताकत, सपनों और योगदान पर भी जोर देता है, जो कहानी कहने के लिए एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। यह एपिसोड अन्य विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और कहानियों को भी प्रदर्शित करेगा।

### पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक व्यक्ति को नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस प्रशासन के सहयोग से ग्राम खरांटी पंचायत चौपदार बलिया निवासी सुरेंद्र राणा पिता बासुदेव राणा को नशा मुक्ति केंद्र रांची भेजा गया। सुरेंद्र राणा काफी नशा करते हैं जिससे उनके परिवारजन काफी परेशान थे। इसके लेकर उसकी पत्नी प्रशासन के पास शिकायत लेकर पहुंची थी। मामले को लेकर प्रशासन ने इस पर तत्काल पहल करते हुए नशा मुक्ति केंद्र से संपर्क किया। और फिर नशा मुक्ति केंद्र के टीम बड़कागांव थाना पहुंचकर इलाज के लिए सुरेंद्र राणा को अपने साथ लेकर चले गए। क्षेत्र में कई लोग नशे का शिकार हो गए हैं इसमें युवा पीढ़ी भी शामिल है जिसके लेकर नशा करने वाले के परिवार के लोग काफी परेशान है। क्षेत्र में शराब के साथ-साथ , गांजा, ब्राउन शुगर, हीरोइन , डेंडरेट्ट सहित कई प्रकार के नशा का प्रचलन करने वालों की संख्या काफी तेजी से बड़ी है।नशा को लेकर समय-समय पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जाती है। पर चोरी छुपे नशा करने वाले अपनी-अपनी जुगाड़ कर ही ले रहे हैं जिससे नशा करने वाले व्यक्तियों के परिवार व समाज पर बुरा काफी बुरा असर पड़ रहा है। नशा मुक्ति केंद्र ले जाने वाले में मुख्य रूप से सीओ कमलेश यादव , विभाबसू दास , विक्की प्रसाद , अनुभव कसैर शामिल थे।

### कमजोर परिवार की बेटियों को सहायता करेंगे : चंद्रवंशी

**बरही :** महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बहनों और बेटियों की शादी के लिए शादी का जोड़ा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, ऐसी होनहार छात्राएं जिन्होंने 10वीं या 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी कराई जाएगी। लाभार्थियों के लिए पात्रता के बारे में बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, जिनके माता-पिता नहीं हैं या पिता नहीं हैं, गंभीर कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे परिवार इसका लाभ उठा सकते है। अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने कहा कि मैं यह वचन देता हूँ कि जरूरतमंद परिवारों का हरसंभव सहयोग करता रहूंगा, जब तक ईश्वर की कृपा और समाज का आशीर्वाद बना रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस सहायता का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंद ही उठाएं। किसी असहाय व्यक्ति का हक न छीनें, क्योंकि यह सेवा उनकी सहायता के लिए समर्पित है। जरूरतमंद परिवार इस योजना के लिए अविनाश आर्या चंद्रवंशी से संपर्क कर सकते हैं।

## पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ की अपराध गोष्ठी

# अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर खनन पर लगाएं रोक : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने जिला के पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपने आवासीय कार्यालय में अपराध गोष्ठी आयोजित किया जिसमें पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया जिसमें पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए , 4 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ CCA एवं NSA के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध पोस्ता/अफीम की खेती तथा ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए एवम PITNDPS का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना एवं हिंसा, पोक्सो एक्ट से संबंधित तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया ।नशाखोरी के विभिन्न पदार्थ जैसे कोरेक्स, व्हाइटनर, आदि की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। वाहन चोरी पर अंकुश लगाने हेतु पूर्व के कांडों में शामिल अभियुक्ति की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। व्यवहार न्यायालय के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## गृह रक्षा वाहिनी के पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग में रविवार को पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त श नैंसी सहाय शामिल हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी प्रशिक्षणरत गृहरक्षा वाहिनी के जवानों को सेवा मूल्यों को बनाए रखने, संविधान में श्रद्धा और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई। मार्च पास्ट के दौरान प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण का शानदार नजारा दिखा। उपायुक्त ने कहा कि 388 होमगार्ड के जवानों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया है। इस प्रशिक्षण की अवधि 63 दिनों की थी। प्रशिक्षण के बाद गढ़वा जिले के 388 गृहरक्षकों ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गढ़वा में सेवा देंगे। उपायुक्त ने इनके कड़े प्रशिक्षण की सराहना की तथा प्रशिक्षकों ने भी बहुत कम समय में प्रशिक्षण की अवधि को पूर्ण कराया उन्हें भी सराहा। उपायुक्त ने सभी नवनियुक्त होमगार्ड को शुभकामनाएं दी तथा होमगार्ड कमांडेंट और उनकी पूरी टीम को भी अच्छे प्रशिक्षण देने के लिए बधाई भी दिया।

# यादव समाज ने विधायक से की मुलाकात मंजीत यादव को न्याय दिलाने की मांग उठाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से यादव समाज के प्रतिनिधियों ने विशेष मुलाकात की और उन्हें विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाज के प्रतिनिधियों ने हाल ही में हुई हत्या की एक गंभीर घटना पर चर्चा की, जिसमें मंजीत यादव की नृशंस हत्या का मामला शामिल है। समाज के सदस्यों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की और न्याय की मांग की। प्रतिनिधियों ने विधायक से अपील की इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। यादव समाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यादव समाज को भरोसा दिलाया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि वह जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से तुरंत संपर्क करेंगे और इस मामले का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करेंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा यह मामला बेहद संवेदनशील है, और मैं यादव समाज को विश्वास दिलाता हूं कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर प्रशासन पर सकारात्मक दबाव बनाना होगा ताकि मंजीत यादव के परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि वह इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाएंगे और मंजीत यादव के परिवार के साथ खड़े रहेंगे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। एनटीपीसी माइनिंग और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मैत्री में आयोजित इस कार्यक्रम में पकरी बरवाडीह ने जागृति महिला संघ के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं और स्कूल की लड़कियों के लिए कई कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इन कार्यक्रमों में लाह से चूड़ियां बनाने, हस्तनिर्मित हर्बल साबुन बनाने, जैविक मसालों और मिलेट पाउडर का प्रसंस्करण जैसे कौशल विकास पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सोहराई-कोहवर पेंटिंग पर प्रशिक्षण युवा लड़कियों के लिए डिजाइन किया गया है ताकि वे स्थानीय कला, शिल्प और संस्कृति के माध्यम से अपनी सौंदर्यबोधी भावना को विकसित कर सकें और सशक्त हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति महिला संघ की अध्यक्षा, तजीन फैज, और अन्य विशिष्ट अतिथियों में उपाध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना और परियोजना के उप महाप्रबंधक , श्री एस.के. सेनापति ने शिरकत की। झारखंड सरकार के टूल रूम, रांची की ओर से एनटीपीसी मैत्री के प्रधान, इंजीनियर मिथलेश उपाध्याय ने ऑनरिंग एक्सीलेंस पुरस्कार से जागृति महिला संघ की अध्यक्षा को सम्मानित किया, जो ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु प्रतिभागियों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रति अपनी उत्सुकता व्यक्त की और बताया कि ये कार्यक्रम उनकी जीवनशैली और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में मदद कर रहे हैं। मुख्य अतिथि तजीन फैज ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की और इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व को बताया। कार्यक्रम का समापन आयोजकों द्वारा प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## शिक्षक तेजू साव ने शिक्षाविदों के बीच किया 500 पौधों का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक तेजू साव ने प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय के परिसर में बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों एवं बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर 500 पौधों का वितरण किया। इस दौरान फल का विवरण किया गया।मौके पर शिक्षक तेजू साव ने अपील करते हुए कहा कि पौधे को आप सभी अपने-अपने विद्यालय में लगाएं व पर्यावरणीय सुरक्षा का भी ख्याल रखें। ताकि यह पौधा पेड़ बढ़कर हम सभी लोगों को ऑक्सीजन मुहैया कराकर जीवन दे। आप सब ने करोना काल में देखा था कि किस तरह से हमारे देश के लाखों लोग ऑक्सीजन को लेकर मौत हो गई । प्रखंड में यह पहली बार है जब किसी शिक्षक के द्वारा अपने निजी खर्चे से 500 पौधे का वितरण किया गया। उक्त कार्य को लेकर शिक्षक तेजू साव के सराहना हो रही है। बताते चले की शिक्षक तेजू साव 31 दिसंबर 2024 को अपने शिक्षण कार्य को पूर्ण कर रिटायर हो रहे हैं और इसी के उपलक्ष में उन्होंने पौधा एवं फल का वितरण किया। इस ऐतिहासिक कार्य में मौके पर मुख्य रूप से बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, शिक्षक शिवशंकर पाठक, अवधेश कुमार , दीपक कुमार , प्रकाश गंझू, पम्मी कुमारी, सीआरपी दीपक कुमार , देवदत्त कुमार, सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस के नेताओं ने की चुनाव परिणाम की समीक्षा

# सरकार इंडिया गठबंधन की है, जनता की सेवा में हमेशा रहूंगा तत्पर, सभी कार्यकर्ताओं की आकांक्षा पूरी होगी : अरुण साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बरही आवास पर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कांग्रेस नेताओं के साथ चुनाव हार पर समीक्षा बैठक की। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया।
समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन, कांग्रेस नेत्री साबी देवी, जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास, चन्दवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, चौपारण प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बैजू गहलौत, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, जिला सोशल मीडिया सेल हेड उदय केशरी मौजूद थे। समीक्षा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विचार रखते हुए कहा कि समय कम रहने के कारण सभी वोटर तक नहीं पहुंच पाए, जिसका कारण रहा कि वोटर हमलोग को वोट नहीं कर पाए, लेकिन इन सभी चीजों को सुधार कर एक एक जनता तक पहुंच कर कांग्रेस और हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचारधारा को जन जन पहुंचायेंगे और अगली बार बड़ी जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि बरही विधानसभा की जनता ने जो बड़ा जनादेश मिला है, इसके लिए सभी को पुनः आभार व्यक्त किया और कहा कि चुनाव में जहां भी हमलोगों से गलती हुई है उस पर सुधार करेंगे। बरही की जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे, सरकार हमारी इंडिया गठबंधन कांग्रेस की हैं, किसी भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार की कोई समस्या और दिक्कत नहीं होगी। कार्यकर्ताओं के सुख दुख में हमेशा शामिल रहूंगा। दूसरी ओर बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव को जीत के लिए बधाई दिया और बरही को नशा मुक्त, गुंडागर्दी समाप्ति और राष्ट्रीय सड़क अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेत्री साबी देवी ने कहा कि वह अपने पति स्व. तिलेश्वर साहू का नए बरही और चंहुमुखी विकास के सपनों को पूरा करने लिए अन्तिम सांस तक लड़ती रहूंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बालू खनन से सोनपुरा नदी का पुल हुआ कमजोर



**बड़कागांव :** 2014 में सोनपुरा शिवाडीह गांव के हहारो नदी में बना पुल बालू की अवैध तस्करी के कारण कमजोर हो गया।बालू के लगातार उत्खनन के कारण पुल का कुछ हिस्सा कमजोर हो चुका है। अगर समय रहते कमजोर हिस्सों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी पुल पुनः ध्वस्त हो सकता है। विभिन्न पाईओ का रड निकग गया जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। बताते चलें कि किसानों की मांग पर आजादी के कई वर्ष बाद इस पुल का निर्माण सिद्धार्था कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया था। पुल का निर्माण कार्य लगभग 4 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया गया था। और महज 12 वर्षों में स्थिति बद से बदतर हो गई।कई पिलर के छड़े बाहर तक निकल गई है जिससे यह अंदाजा लगाया जाता है की कार्य में कितनी लापरवाही बरती गई थी। पुल टूटने से मुख्यालय से दर्जनों गांवों टूटेगा संपर्क जिला एवं प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों गांव को यह पुल जोड़ता है। जिसमें मुख्य रूप से सोनपुरा, महूदी ,पलांडू कुंदरू, चेलंगदाग, झिकझोर, लोहरसा, बुंडू, हेंदेगिर, बचरा, कल्याणपुर सहित बहुचर्चित पर्यटक स्थल बरसो पानी इसी पुल के माध्यम से जाया जाता है। साथ ही साथ बड़कागांव प्रखंड को हैदगिर रेलवे स्टेशन से सीधे जोड़ने वाली पुल है।

### पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जंगल से अवैध अफीम की खेती को किया गया नष्ट

**चौपारण :** चौपारण पुलिस एवं वन विभाग के संयुक्त करवाई में चोरदाहा पंचायत के ग्राम अहरी के जंगल मे लगभग 5 एकड़ मे लगे अफीम की खेती को नष्ट कर तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है। बताते चलें की चौपारण का जंगल अफीम की खेती के लिए सबसे सेफ माना जाता है और तस्कर भी जंगल मे खुलकर अफीम की खेती जंगल मे करते है। इस समय चौपारण प्रखंड के सभी जंगलो मे अफीम की खेती शुरू हो चुकी है खासकर गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी। ये सब इलाकों के जंगलो जैसे मुर्तिया,आँजन, ढोढीया, दैहर, सांझा, गरमोरवा, बुकाड़,भगहर,असनाचुवां, बिगहा, ताजपुर, करंजूवा, कविलास सहित जंगल मे लगे अफीम की खेती प्रशासन के लिए चुनौती का विषय है। बता दें की वन विभाग के सैकड़ो एकड़ जमीन में अफीम का पौधा लहलहा रहा है, लेकिन अफीम की खेती करवाने वाले तस्करों पर नहीं होती कोई कार्रवाई, दिखावे के लिए सिर्फ खान पूर्ति किया जाता है। ऐसे भी जंगल के आड़ में कई तरह के अवैध कार्य बदसूरत जारी रहता है।

### क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान कार्य जारी रहेगा : योगेंद्र साव



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड में झारखंड राज्य की पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव का घर बरवाडीह समाधान भवन में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जनप्रतिनिधि ग्रामीण एवं कार्यकताओं के साथ बैठक किया। मौके पर पुर्व मंत्री श्री साव ने कहा की समाधान भवन में पहुंचने वाले हर लोगों का समस्या का समाधान का कार्य निरंतर जारी रहेगा। साथी साथ लोगों के मान सम्मान मैं किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा।क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो अवगत कारए हर समस्या का समाधान किया जाता था और यह कार्य हमेशा आगे भी जारी रहेगा।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, हाजी तबस्सुम खान,सुरेश महतो , मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, रमेश गंझू , बालेश्वर महतो, गणेश गंझ ,आनंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गरजामो के होनहार छात्र बने हाफिज-ए-कुरान, गांव में हुआ भव्य स्वागत



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गरजामो गांव के एक होनहार छात्र, शबान रजा ने पूरे 30 पारे कुरान को जुबानी याद कर हाफिज-ए-कुरान बनने का गौरव प्राप्त किया। उनके इस धार्मिक और विद्वतापूर्ण उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा गांव गर्वित हुआ। हाफिज बनने के बाद शबान रजा जब अपने गांव लौटे, तो गांववासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। शबान रजा जो तफाजूल अंसारी के पुत्र हैं, उन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनके गांव लौटने पर गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और उनका हौसला बढ़ाया। स्वागत समारोह में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी, और कई अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। इसके अलावा मुफ्ती मुजाहिद साहब, मौलाना मो. सुलेमान साहब, मौलाना व कारी जसीम मिसवाही साहब, हाफिज अब्दुल गनी साहब, महताब आलम, अफजल अंसारी, अब्दुल लतीफ, सोबरती मियां, मो. ताजीम, रियाज अंसारी और साबिर मियां उपस्थित रहें। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम ने शबान रजा की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल व्यक्ति विशेष को गौरवान्वित करती हैं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व का विषय होती हैं।

### बरही विधायक को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**बरही :** प्रचंड बहुमत से जीतकर भाजपा के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र में एक नई राजनीतिक लहर बनाई है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को उनके आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। विधायक के आवास पर भाजपा कार्यकताओं, सामाजिक कार्यकताओं और आम जनता पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान शुभचिंतकों ने बुके और मिठाइयों के साथ अपने नेता का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बरही के भाजपा कार्यकताओं ने विधायक मनोज यादव को उनकी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र में विकास और परिवर्तन का प्रतीक है। समर्थकों का उत्साह इस बात को स्पष्ट करता है कि मनोज यादव के प्रति जनता का विश्वास मजबूत है। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने समर्थकों और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा, यह जीत मेरी नहीं, बल्कि बरही की जनता की है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

## एक नजर

### माणिक लाल हेंब्रम बने झारखंड विस के नये सचिव



रांची : माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार माणिक लाल हेंब्रम 01 दिसंबर से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव के पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि माणिक लाल हेंब्रम झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव थे।

### राज्य में अगले दो माह में तीन आईपीएस होंगे सेवानिवृत्त

रांची : राज्य में अगले दो महीनों के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत होंगे। इनमें तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह एवं एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर होंगे। साथ ही नये साल के पहले दिन एक जनवरी, 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। दूसरी ओर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत हो गये। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

### विहिप 15 जनवरी से चलाएगी त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम



रांची : विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक रविवार को हुई। बैठक दो सत्रों में स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होरिजन में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विहिप प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने सभी कार्यकर्ताओं से समाज में समन्वय बना कर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में विगत माहों में संपन्न हुए कार्यक्रमों हुतात्मा दिवस और संस्कार सप्ताह की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गीता जंयती के अवसर पर 11 दिसम्बर और 15 दिसम्बर को गीता जयंती पर शौर्य दिवस का आयोजन प्रखंड स्तर पर किया जाएगा। 15 जनवरी, 2025 त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम विभाग स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। आगामी जनवरी माह में प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित केंद्रीय बैठकों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद् झारखण्ड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, राजेंद्र मुंडा, मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, सहमंत्री सह बजरंग दल संयोजक रंगनाथ महतो, स्वामी कृष्णा चैतन्य, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, मातृ शक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज सहित सभी विभाग मंत्री, विभाग संगठन मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री उपस्थित थे।

# राज्य में दिन-प्रतिदिन कमजोर हो रहे भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन दिन-प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले 59 महीने (चार साल 11 महीने) की बात करें तो राज्य के अलग-अलग जिलों में भाकपा माओवादी संगठन और छोटे-छोटे संगठन से जुड़े कुल 64 नक्सली मारे गये। इस दौरान 620 बड़े नक्सली गिरफ्तार भी हुए। नक्सलियों के साथ इस लड़ाई में सुरक्षाबलों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। इन चार साल 11 महीने में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 18 जवान भी शहीद हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा नक्सल प्रभावित जिले हैं। इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति नक्सल प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिला आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में हैं।राज्य में नक्सलियों के 11 दस्ते सक्रिय- चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं। चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं। बोकारो जिले में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल हैं। लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल हैं। चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं। पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में छह नक्सली कैडर शामिल हैं। टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई झारखंड पुलिस के रडार पर हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को बताया कि झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। फिलहाल, हमारे लिए नक्सलियों के छोटे संगठन (स्प्लिंटर ग्रुप) का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान नक्सलियों के स्प्लिंटर ग्रुप के जरिये कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं। डीजीपी ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ-साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादियों के छोटे ग्रुप एक्टिव हैं। ऐसे नक्सलियों के जरिये कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल नक्सली छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे नक्सलियों की लिस्ट तैयार की गई है। साथ ही उनके समर्थकों को भी चिह्नित किया गया है, जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं।

## बांग्लादेश से चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई हो : विहिप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के तत्वावधान में रांची के रेलवे स्टेशन, बांग्लामुखी हनुमान मंदिर में विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बांग्लादेश प्रशासन के जरिये वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे वहां के प्रशासन की कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना बताया है। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि बांग्लादेश तत्कालीन सरकार के इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन संस्थान और हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने बांग्लादेशी हिन्दु उत्पीडन के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की हैं, सभी लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्त्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। इस अवसर पर विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम प्रारंभ से ही मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी। ऐसी रोक नहीं लगाई है। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व समुदाय से यह अपेक्षा करती है कि वहां पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गंभीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए।

## प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय समीक्षा बैठक में हार के कई कारण उजागर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने दो दिनों तक विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की। रविवार को समीक्षा बैठक के दौरान जो बातें निकल कर सामने आई हैं अब उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इस बैठक में संगठन के आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि झारखंड भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष सहित कई जिलों के प्रभारियों को भी बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस बार के चुनाव में भाजपा 21 सीट पर ही विजयी हुई। संताल में 18 सीटों में से 17 सीटें पर शिकस्त झेलनी पड़ी। समीक्षा बैठक के दौरान कई नेताओं ने दो टूक कहा कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की गई। बाहरी नेताओं को टिकट देना भी हार का कारण बना। वहीं, प्रमंडलीय प्रभारियों ने भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया। टॉप लीडर तक स्थानीय समस्याओं को भी सही तरीके से नहीं पहुंचाया गया। बैठक में प्रमंडल स्तर के नेताओं की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए। वहीं, बूथ से जिला स्तर के संगठन, कई जिलाध्यक्षों और प्रभारियों पर भी सवाल खड़े किए गए। कई नेताओं ने कहा कि प्रमंडल प्रभारियों की भी भूमिका संदिग्ध रही। नेताओं ने यह भी कहा कि जिन्हें टिकट नहीं मिला वे जुगाड़ से प्रभारी बन गए लेकिन किसी भी प्रमंडल में भाजपा उम्मीदवारों को आपेक्षित जीत नहीं मिली। भाजपा ने अपने संगठन के छह प्रमंडलों में कोल्हान के लिए आदित्य साहू, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए गणेश मिश्र, पलामू के लिए विकास प्रीतम, धनबाद के लिए प्रदीप वर्मा, हजारीबाग के लिए मनोज सिंह और संताल के लिए बालमुकुंद सहाय को प्रभारी बनाया गया था।

## रांची में बदमाशों ने कंस्ट्रक्शन साइट में की आगजनी, वाहन को फूंका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शहर के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटार स्थित श्रीराम कंस्ट्रक्शन के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने शनिवार की देर रात आगजनी और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। चार से पांच की संख्या में आए अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की और फिर एक वाहन को फूंक दिया। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। आगजनी की घटना को किस गिरोह के जरिये अंजाम दिया गया है यह अबतक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में रविवार को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि कंस्ट्रक्शन साइट पर आगजनी की घटना को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया है। साइट पर मौजूद एक वाहन को अपराधियों ने आग लगा दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## जनता में भाजपा की स्वीकार्यता और लोकप्रियता बढ़ी : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि बैठक में जो निष्कर्ष निकला है, वह भारतीय जनता पार्टी के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। यह सच है कि हम चुनाव हारे हैं लेकिन चुनाव में अंकगणित काम देता है। हमने वोट बढ़ाए हैं। प्रतिशत बढ़ाया है। जनता में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है लेकिन अंकगणित में भाजपा पीछे रह गई। इससे सीख लेकर इस हार से एक मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश प्रभारी वाजपेयी और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संयुक्त रूप से संबोधित किया। वाजपेयी ने कहा कि अंगद की तरफ पैर जमाकर समाज जीवन में अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए काम करेंगे। सदस्यता अभियान के माध्यम से एक बार हम कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाला संगठन का निर्माण करेंगे। फरवरी तक नये प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन हो जाएगा। सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। सरकार अच्छे काम करती है तो ठीक है, जन विरोधी काम करने पर भाजपा सड़क पर भी जाने में कोई संकोच नहीं करेगी। जनता के साथ कोई घटना होगी तो निश्चित तौर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता के साथ कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो हर परिस्थिति में संरक्षण देंगे। संगठन के माध्यम से ताकत का सृजन करेंगे। ताकत का सृजन कर आगे बढ़ेंगे। सांसद पुंडेश्वरी जी झारखंड में सदस्यता अभियान की देखरेख करने के लिए नियुक्त हुई है।

# संयम और समझदारी से एड्स को नियंत्रित किया जा सकता है : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में रविवार को विश्व एड्स दिवस पर भूगर्भ शास्त्र विभाग के सभागार में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, शपथ और जागरुकता रैली का आयोजन कार्यक्रम एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मूल्यांकन की तैयारी में अति व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके लेकिन अपना लिखित संदेश भेजवाया, जिसे डॉ ब्रजेश कुमार ने पढ़ा। अपने संदेश में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरा विश्व आज एड्स के विरुद्ध जागरुकता अभियान चला रहा है एवं इसे कैसे रोका जाय इसपर चिंतन मंथन हो रहा है। उन्होंने कहा कि संयम और समझदारी से एड्स को रोका जा सकता है। सभी को सामुहिक प्रयास कर इसके विरुद्ध सघन जागरुकता अभियान चलाना होगा। मौके पर विशिष्ठ अतिथि आरएलएसवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने कहा कि एचआईवी के विरुद्ध जागरुकता अभियान युवा चलाएं एवं स्वयं को इस लाइलाज बीमारी से बचते हुए दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जागरुकता ही एड्स जैसे घातक बीमारी से बचाव है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अतुल कुमार, द्वितीय स्थान पर कोयल एवं तृतीय स्थान पर क्षणिका रानी रही। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### छह दिसंबर को परिवर्तित मार्ग से गुजरेगी टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस



रांची : दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन छह दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया- कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

### भाजपा कार्यालय के बाहर कुशवाहा समाज का प्रदर्शन



रांची : भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो दिवसीय समीक्षा बैठक चल रही है। इस दौरान रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कुशवाहा समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की है कि कुशवाहा समाज से जीतकर आने वाले विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। पार्टी कार्यालय के बाहर हाथों में बैनर-पोस्टर लिए कुशवाहा समुदाय के लोग नारेबाजी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा उम्मीदवार कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पांकी सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह को 9796 के वोट मार्जिन से हराया था। उन्हें चुनाव में 75991 वोट मिले थे।

### संजय सेठ ने सांसद मद से बने यादव भवन का किया उद्घाटन



रांची : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांसद मद से रविवार को यादव भवन का उद्घाटन किया। यादव भवन 2400 स्क्वायर फीट में बनाया गया है। सांसद ने कहा, किसी भी समाज का अपना भवन होना अनिवार्य है। इस भवन के निर्माण से समाज के गरीब बच्चों की शादी एवं अन्य कार्यक्रम के लिए यह सदुपयोग में काम आएगा। समाज को आगे बढ़कर इस तरह के कार्य करने चाहिए, जिससे समाज के लोगों को फायदा हो। समाज के हर वर्ग का कार्य मेरी प्राथमिकता में है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, राम आशीष यादव, बनारस यादव, रमेश यादव, सुमन सिंह, रामचंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रांची से दुर्लभ प्रजाति का सांप रेस्क्यू



रांची : नामकुम स्थित आरसीएच कार्यालय में दवा के कार्टून के अंदर से ओरनेट फ्लाईंग स्नेक (तक्षक नाग) को रेस्क्यू किया गया। इसे पिठोरिया निवासी स्नेक रेस्क्यूवर रमेश कुमार महतो ने किया। महतो ने रविवार को बताया कि सांप लगभग 3 फीट का था। रमेश ने बताया कि यह सांप दुर्लभ प्रजाति का है और झारखंड में पहली बार इसे रेस्क्यू किया गया है। यह सांप ज्यादातर पठारी क्षेत्र के झाड़ीनुमा जगहों पर पाया जाता है। यह सांप 100 फीट ऊपर से नीचे जंप कर सकता है। यह जमीन में बहुत कम आता है। अधिकतर यह पेंड़ पर ही रहता है। इसका भोजन मुख्य रूप से छिपकली एवं कीड़े-मकौड़े हैं। यह सांप विलुप्ति के कगार पर है। यह भारत में रेयर कैटेगरी में आता है। इस सांप के जेनेटिक के बारे में रिसर्च होगा। इसलिए इसे बिरसा जैविक उद्यान को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### श्रीश्याम मंदिर में खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान संपन्न



रांची : हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान पर विविध कार्यक्रमो का आयोजन धूमधाम से हुआ। प्रात: मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करने के बाद अमावस्या अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार गंगाजल, दूध, दही शहद, चीनी, इत्र, जल, केशर, लाल गुलाब फूल के मिश्रण से महास्नान कराया गया। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन पौशाक पहनाकर मसाज किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब, पीला गुलाब, रजनीगंधा, गेंदा, मुरगन, तुलसीदल, आरकिड फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर विराजमान, लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के गर्भगृहो की अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों ने किया। प्रात: 8.30 बजे गर्भगृहो का परदा हटाया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनो ने खाटूनरेश का दर्शन कर जय - जयकार की। श्रृंगार आरती करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया।जय जय जय खाटू के वासी जय जय जय बाबा श्याम,शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको देवो श्याम..... का लोकप्रिय भजन गायन सभी भक्तों ने ताली बजाकर एक साथ किया। खाटूनरेश की जय-जयकारो से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, श्यामसुंदर शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। दिनभर अमावस्या दर्शन करने के लिए भक्तों का ताता लगा रहा।

## एक नजर

### मालकेरा की बेटी स्वेता बीपीएसपी के लिए चयनित



**कतरास (धनबाद) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मालकेरा की बेटी स्वेता प्रसाद ने जेनरल कोटा में बीपीएससी की परीक्षा निकाल परिजन सहित पूरे इलाके का नाम रोशन किया है।ऑल इंडिया स्तर पर जेनरल कोटा में उसे 8 वां रेंक मिला है। मालकेरा ग्रीन बस्ती निवासी पूर्व टाटा कर्मी ब्रजकिशोर प्रसाद की पुत्री ने यह सफलता दूसरे बार पर हासिल किया। पहले बार में थोड़ी सी चूक पर वह सफल नही हो सकी। अनारक्षित वर्ग में उसे इस परीक्षा में लिखित में 477 व फाइनल में 574 अंक प्राप्त हुआ। ओवरऑल मेरिट लिस्ट में उसे 12 वां स्थान प्राप्त हुआ। सीडीपीओ पद के लिए उसका चयन हुआ। स्वेता ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजन को दिया।कहा कि एक लक्ष्य के साथ नियमित तैयारी की और इसका लाभ मिला। आज कल के युवाओं को अपील किया है मन लगाकर पढ़ाई करने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है।मोबाईल को अपने से दूर रखे।

### सड़क किनारे कचरे का अंबार , दे रहा है बड़ी दुर्घटना का संकेत

**जैनामोड़ :** जरीडीह अंचल क्षेत्र अंतर्गत जैनामोड़ फोर लेन चौक के किनारे व्यवसायी वर्ग के लोगों द्वारा कचड़ा सड़क किनारे फेंका जा रहा है। दुसरी ओर होटल प्रबंधक के द्वारा सड़क किनारे गंदे पानी का बहाव किया जा रहा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्वच्छता समिति के अधिकारी प्रतिदिन सड़क से गुजरते हैं। जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव रितूराज , जरीडीह थाना प्रभारी बिक्रम सिंह,जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी से क्षेत्र के व्यवसायियों सहित ग्रामीण ने मांग किया है कि शीघ्र ही कचड़े के अंबार एवं गंदे नाली के पानी से निजात दिलाने का काम करेंगे। बताया जाता है कि कचड़ा सड़क पर फेकने वाले लोगो पर कचड़ा का पानी वहाव करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए कचड़े के अंबार पर रोक लगाई जाए। कचड़े के कारण कब्रिस्तान का मुख्य द्वार भी बंद हो गया है। जिस कारण अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राहगीरों को नाक मुंह बंद कर सड़क पर चलना पड़ रहा है। इस संबंध में अल्पसंख्यक समुदाय के नेता अकबर अंसारी , आजाद अंसारी , खलील अंसारी, आशिक अंसारी , शब्बीर अंसारी , सलीम अंसारी ने कहा है कि गंदे पानी का बहाव पर प्रशासन सक्रिय नहीं होते हैं। तो इस संबंध में कभी भी मुख्य मार्ग को जाम किया जा सकता है । जिसकी जबाव देही प्रशासन की होगी ।

### तोरपा में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर आठ को

**खूंटी :** आरसी चर्च तोरपा में आठ दिसंबर को नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का आयोजन रांची के रश्मि चेस्ट क्लिनिक द्वारा किया जायेगा। शिविर में हार्ट सर्जन डॉ रश्मि और उनकी टीम हृदय रोगियों को परामर्श देंगी। डॉ रश्मि ने बताया कि शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल और एचबीए1सी की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर में सीने में दर्द, सांस फूलना, पैरों में सूजन, चक्कर, बेहोशी, दिल की तेज धड़कन, दिल की नसों में रुकावट, जन्मजात हृदय रोग, हार्ट में छेद, हार्ट वल्व की बीमारी, इको, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, बाईपास आपरेशन, हार्ट वल्व आपरेशन, हार्ट में छेद का आपरेशन, छोटे चीरे से हार्ट का आपरेशन सहित बच्चों में हृदय रोग, दिल में छेद, बच्चों का बार-बार नीला होना, हृदय की मोटी नाली में सिकुड़न, वल्व में सिकुड़न, जन्मजात हृदय विकार संबंधी समस्याओं के लिए परामर्श लिया जा सकता है।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के मेरामहारा तथा दुगार्पुर गांव में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि जागरूकता के माध्यम से एचआईवी एड्स से छुटकारा पाया जा सकता है। इस संबंध में गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किए जाने की जरूरत है जिससे लोगों के बीच में एड्स से बचाव को लेकर के जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कार्यकर्ता प्रतिमा सिंह तथा विनीता देवी ने कहा कि एड्स दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढाना है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लडने में अक्षम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किशोरियों को कहा कि एचआईवी से ग्रसित बच्चों के प्रति आत्मीयता रखें और उनके साथ मधुर व्यवहार रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एड्स के कारण, लक्षण एवं रोकथाम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने छात्राओं से ऑनलाइन चर्चा करते हुए एड्स के बारे में भ्रांतियों जैसे खांसी, भोजन, स्पर्श से एड्स होना गलत बताया। इन आधारों पर एड्स रोगी के साथ में भेदभाव किया जाना अमानवीय है। इस दौरान किशोरी क्लब की लड़कियां उपस्थित थी

## ईसीआरकेयू के समर्थन में रेल कर्मचारियों ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद द्वारा आज धनबाद शाखा दो से सुबह 11:30 बजे चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत रेल कर्मियों का भारी संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जो बेकर बंध, हिल कॉलोनी,डी एस कॉलोनी, वॉच वार्ड वार्ड कॉलोनी, कोचिंग डिपो, पावर हाउस, तेतुलतला कॉलोनी, लोअर मटकुरिया, रंगातार कॉलोनी और धनबाद के सभी बड़े छोटे रेल कॉलोनी में प्रदर्शन करते हुए शाखा एक पहुंचे। आज का इस मोटर साईकिल जुलुस मे नेताजी सुभाष, सोमेन दत्ता, एन के खवास, जितेन्द्र कुमार साव,बी के दुबे,आर के सिंह,परमेश्वर कुमार, मृगभूषण सिंह, मो जफर सिद्धिकी, सी.एस.प्रसाद इजहार आलम, विमान मंडल, अजय कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार चौहान, अमरजीत यादव, धीरज कुमार, संतोष गोंड, अजमुदीन अंसारी, प्रदीप मंडल, सागर पासवान, अरूण कुमार, नवीन कुमार, संजीत कुमार, पिंटू नंदन, रंजीत यादव, भानु प्रकाश बी के दुबे, रविंदर रवानी, राजीव कुमार, शिव जी प्रसाद, बी बी आजाद ,चंद्रशेखर, राजकुमार, मिथलेश, अमित कुमार, अशोक कुमार और बिस्वजीत मुखर्जी शामिल थे।

## अनुमति नहीं मिलने से वापस गोदाम की ओर लौटने लगे आलू लदे ट्रक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड बंगाल सीमा स्थित डीबुडीह चेक पोस्ट पर खड़े आलू लड़े ट्रैकों को तीसरे दिन भी पश्चिम बंगाल पुलिस ने झारखंड में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जिससे निराश होकर आलू लदे ट्रक चालक पुनः वापस गोदाम की ओर लौटने लगे हैं। ट्रक चालकों का कहना है कि पुलिस आगे जाने की अनुमति दे नहीं रही है ऐसे में और ज्यादा देर तक चेक पोस्ट पर इंतजार किया गया तो आलू सड़ने लगेंगे तब भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए अधिकतर आलू लदे ट्रक चालक वापस गोदाम की ओर लौट गए हैं। उधर पश्चिम बंगाल पुलिस ड़ीबुडीह चेक पोस्ट पर तीसरे दिन शनिवार को और कड़ाई से जांच कर रही है ताकि कोई भी आलू लदे ट्रक पश्चिम बंगाल से झारखंड में प्रवेश नहीं कर सके ऐसे में आलू कारोबारी से जुड़े लोगों में बेचैनी बढ़ गई है उनका कारोबार काफी नुकसान दे साबित हो रहा है अब बंगाल सरकार कब तक आलू को बाहर जाने पर की अनुमति देता है इसका इंतजार सबको है।वही इस मामले पर निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार की इस करतूत को वे झारखंड सरकार तक पहुंचाएंगे ताकि आलू का आवागमन सामान्य हो सके।

## रिटायर्ड सेलकर्मी को अपराधियों ने मारी गोली, अंधेरे का फायदा उठा अपराधी फरार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में देर रात गोलीबारी की घटना हुई जिसमे 65 वर्षीय ललन सिंह नामक व्यक्ति को बाइक सवार 3 अपराधियों ने 3 गोली सीने में उतार दिया और मौके से अपराधी हुआ फरार। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जहा घायल को गंभीर हालत में बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बोकारो एसपी, सिटी डीएसपी सहित कई थानों की पुलिस दल बल के साथ बीजीएच पहुंचे। जिस व्यक्ति को गोली लगी उसका नाम ललन सिंह है जो 65 वर्ष का बताया जा रहा है और बोकारो स्टील प्लांट से रिटायर्ड कर्मी है जो सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 का रहने वाला है। इस घटना के पीछे पैसे का लेनदेन बताया जा रहा है। ऐसे में पुलिस जांच की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि लल्लन सिंह अपने आवास सेक्टर 2 से सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 बी स्थित एसबीआई एटीएम के पीछे वाले ब्लॉक में गया था जहां पहले से 3 बाइक सवार अपराधी घात लगाकर इंतजार में था। ललन सिंह जैसे ही अपने बाइक से पहुंचे अपराधियों ने ताबातोड़ एक एक करके तीन गोली दाग दिया जिससे वो बुरी तरह से घायल हो गया और भागने के क्रम में गिर गया जहां घटना स्थल पर खून के धब्बे भी है। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सीसीयू में इलाज चल रहा है। बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया की बाइक सवार तीन अपराधियों ने गोली मारी है और पुलिस पूरे मामले पर अनुसंधान कर रही है जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होगा।

## आरपीएफ बोकारो ने नाबालिग को किया रेस्क्यू, चाइल्डलाइन को सौंपा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने एक 16 साल की नाबालिक लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से रेस्क्यू किया। मालूम हो कि रेस्क्यू की हुई नाबालिक की उम्र 16 वर्ष है वह बिहार के जिला गोपालगंज,ग्राम पैठन पट्टी वी एस मिल्स के पास के रहने वाली है बताया कि नाबालिक लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के पास रात के लगभग 01:5 बजे संदिग्ध तरीका से घूमते देखा गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस द्वारा जब पूछताछ किया गया तो पता चला कि वह घर में बिना बताए घर से भाग निकली हैं रेस्क्यू किया टीम ने नाबालिग को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से पकड़ा. आरपीएफ एसआई बसंत कुमार, स्टेशन पेट्रोलिंग स्टाफ कांस्टेबल अनीश कुमार के साथ एलसी परिणीति भरी, के एम शिला देवी, मेरी सहेली टीम, नन्हे फरिश्ते की टीम की सतर्कता से नाबालिक का रेस्क्यू किया जा सका। बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी। जब रेलवे स्टेशन के के पास संदिध तरीके से उक्त को टहलते हुए देखा गया। जब पूछताछ की गई तो नाबालिक लड़की ने अपनी आप बीती सुना डाली। उसने बताया कि घरवालों के जानकारी दिए बगैर वह अपने घर से भाग गई है तथा उसके पास यात्रा टिकट या कोई यात्रा प्राधिकरण भी नहीं है और भटकते हुए यहां पहुंची है आरपीएफ ने लड़के को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौप दिया।

# बोकारो में रोटरी क्लब ने ग्रामीण यूथ लीडरशिप अवार्ड का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी, जिला 3250 ने ग्रामीण रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड का सफल आयोजन जगदीश सेठ मेमोरियल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आशा की किरण प्ले स्कूल, उलगोरा, बोकारो में किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें जीवन की चुनौतियों को पार करते हुए आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8:15 बजे प्रतिभागियों के पंजीकरण से हुई। इसके बाद रोटेरियन अशोक तनेजा और रोटेरियन मनु श्रीवास्तव द्वारा एक प्रेरणादायक उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। पूरे दिन विभिन्न प्रभावशाली सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने रोचक अंदाज में बहुमूल्य विचार साझा किए डॉ. जयदेव कुमार महतो ने ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाना: बाधाओं को तोड़ना और पुल बनाना विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। रोटेरियन मनु श्रीवास्तव ने 10वीं और 12वीं के बाद करियर की खोज: अपनी रुचि और उद्देश्य को पहचानना विषय पर छात्रों को मूल्यवान मार्गदर्शन दिया। रोटेरियन राखी बनर्जी ने स्वस्थ आदतों, पोषण, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। रोटेरियन चंद्रिमा रे ने संवाद: बातें अनकही सी शीर्षक से एक प्रभावशाली सत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान, एनी नीलम और रोटेरियन घनश्याम दास द्वारा आयोजित मजेदार खेल सत्र ने प्रतिभागियों में जोश और उमंग का संचार किया। इसके बाद, एक शानदार शो स्टॉपर प्रस्तुति ने सभी पर गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन संजय तिवारी के समेकित सारांश और समापन टिप्पणी के साथ हुआ। इसके पश्चात, आयोजित सहभोज ने प्रतिभागियों और रोटेरियनों के बीच संवाद और सौहार्द को और प्रगाढ़ किया। हालांकि, अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ताशहर में उपस्थित नहीं थे फिर भी अपनी अनुपस्थिति के बावजूद, सभी सदस्यों, वक्ताओं, और प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में रोटरी क्लब की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले समर्पित सदस्यों, प्रेरक वक्ताओं और उत्साही प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रीड़ा भारती ग्राम ज्ञान परीक्षा की हुई बैठक



**धनबाद :** ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने हेतु कीड़ा भारती ग्राम ज्ञान परीक्षा की बैठक वेडिंग हॉल विनोद बिहारी महतो चौक में संपन्न हुई, जिनकी अध्यक्षता नगर जिला अध्यक्ष राजशेखर ने किया। जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रमंडलीय प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा, दक्षिणी छोटानागपुर, झारखंड सह जिलाध्यक्ष, क्रीड़ा भारती से सुरेश महतो की विशेष उपस्थिति रहीं। उक्त बैठक में शिक्षा जगत के महत्वपूर्ण लोगों ने सम्मिलित होकर इस प्रकल्प को और भी अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से अपने सुझाव दिए साथ ही इस प्रकल्प में अपनी सेवा देने की बात कही।

### किसी का एजेंट न बने बीसीसीएल : सिद्धार्थ गौतम



**धनबाद :** जनता मजदूर के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम आज तेतुलिया स्थित संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रोहित यादव के आवासीय कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर श्री यादव व उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन को मनमाना रवैये को बदलना होगा। प्रबंधन कंपनी का कार्य करे। किसी का एजेंट बनकर काम न करें, अन्यथा संघ ठोस कदम उठायेगा। कहा कि चुनाव के बाद संघ की रणनीति पर चर्चा करने पहुंचे थे। संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि वह संघ की नीति व सिद्धांत पर काम करेंगे। प्रबंधन की दोरंगी नीति को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बीसीसीएल एरिया 1 से 5 तक किसी भी सूरत में मनमानी चलने नहीं देंगे। मौके नंदकिशोर सिंह, पप्पू दुबे, पप्पू साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राजभाषा क्रियान्वयन उत्कृष्टता में डीवीसी मैथन को तृतीय पुरस्कार



**धनबाद :** धनबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा सदस्य कार्यालयों के लिए आयोजित छमाही समीक्षा बैठक बीसीसीएल उपनिदेशक डॉक्टर विचित्र सेन गुप्ता की मौजूदगी में हुआ इसमें 51 कार्यालय के राजभाषा प्रतिनिधि और उनके विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीवीसी मैथन परियोजना को उत्कृष्ट राजभाषा क्रियान्वयन के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसे संजीव श्रीवास्तव वरिष्ठ महाप्रबंधक डीवीसी ने ग्रहण किया और हिंदी अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया मैथन परियोजना के लेफ्ट बैंक हाई स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक उदित नारायण सिन्हा को नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### जूडो ट्रायल में राजकमल स.वि.मंदिर व धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच के खिलाड़ी छाये



**धनबाद :** 26-27 दिसंबर को रांची मे आयोजित होने वाले झारखंड राज्य सब जूनियर वा सिनियर जूडो चैम्पियनशिप मे भाग लेने हेतु धनबाद जिला जूडो ट्रायल का शानदार आयोजन धनबाद मार्शल आर्ट सेंटर,नन्हे कदम प्ले स्कूल,धोवाटांड मे किया गया। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की ट्रायल के लिए भारी संख्या मे धनबाद के जूडोका सम्मिलित हुए। सभी खिलाड़ीयों की वजन माप, शारीरिक जांच, जूडो टेक्निक वा फाईट के पश्चात धनबाद जूडो टीम का चयन किया गया जिसमें सब जूनियर प्रशांत हेम्ब्रम, दिवाकर कुमार शर्मा, काव्यांश कुमार,आर्यन प्रकाश, उल्लास रंजन,हर्ष कुमार,अरन्व सिंह, सिध्दार्थ सैनी,मोहित कुमार ठाकुर, संघर्ष सुमन, आदर्श राज, प्रेरित कुमार, युवराज सिंह, सत्यम सिंह, मिहिर कुमार झा,युवराज शर्मा,शिवम दे,प्रियांशु राज, राजवीर राज,लक्ष्य कुमार सिंह। सिनियर लड़के संभव कुमार, सोमनाथ भट्टाचार्यजी,अंकित कुमार, रणवीर ठाकुर, अनिकेत भारद्वाज, संजीव कुमार भारती,देव कुमार राय। लड़कियाँ कोमल कुमारी, अर्पणा कुमारी, अणुप्रिया लाल,मानसी कुमारी,अलाफिया जोहा, लक्ष्मी कुमारी,आरती कुमारी,आरती कुमारी शर्मा हैं। चयनित खिलाड़ीयों मे राजकमल स.वि.मंदिर वा धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच के छात्रों की संख्या ज्यादा है।

### राजपूत समाज ने शहीद गौरीशंकर सिंह कोब दी श्रंद्धाजलि



**धनबाद :** बोकारो क्षेत्रीय राजपुत समाज झारखंड प्रदेश ने शहीद गौरीशंकर सिंह की 10 वां शहीद दिवस पर महुदा स्थित मुर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दिया। समाज ने कहा कि शहीद परिवार के साथ समाज हमेशा साथ है ओर रहेगा। सिर्फ याद करने की जरूरत है। जबतक सुरज चाँद रहेगा, गोरीशंकर सिंह का नाम रहेगा। मौके पर केन्द्रय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, पुर्व महामंत्री शंकरदयाल सिंह, पुर्व अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सावित्री देवी कार्यकारी अध्यक्ष राम बालक सिंह, जोनल अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, पुर्व अध्यक्ष रधुनाथ सिंह, सचिव निमाई सिंह, संत परशुराम सिंह, रामचंद्र सिंह, सुरेन्द्र नाथा सिंह, बिधानचंन्द सिंह, राजाराम सिंह, गिरधारी सिंह, कन्हैयालाल सिंह ,विक्रम सिंह ,केंद्र कमेटी जनरल कमेटी और ग्राम कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न



**साहिबगंज:** प्रखंड के भोगनाडीह में सेवा दुमका द्वारा एकलव्य विद्यालय का राज्य स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आज हुआ संपन्न। आयोजित प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय भोगनाडीह, बसिया और तमाड़ एकलव्य विद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और हैंडबॉल के अलावे अन्य प्रतियोगिता में तीरंदाजी, शतरंज, योगा, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉग जंप, हाई जंप, दौड़, जैवलिन खेल सहित अन्य खेल को शामिल किया गया था। वहीं फुटबॉल में भोगनाडीह, खोखो में बसिया, कबड्डी में बसिया, वॉलीबॉल में तमाड़ टीम विजेता हुए। सभी सफल प्रतिभागी छात्रों को सेवा दुमका टीम के और से मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं विजेता टीम को कप के साथ पुरस्कृत किया गया। वही खेल सफल बनाने में शिक्षक गौतम महतो रंजीत कुमार मंतोष तिवारी ने आम भूमिका निभाई वही कार्यक्रम के समापन समारोह का संचालन शिक्षक मुरली मनोहर ने किया।

## कर्रा में ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**खूंटी:** कर्रा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों मालगो और चियूर गांव के समीप ट्रेन से कटकर से दो लोगों की मौत गयी। कर्रा पुलिस शनिवार रात में दो लोगों के शव बरामद करके कर्रा थाने लाई। रविवार को सदर अस्पताल खूंटी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करायाग या। मालगो गांव के पास पतरा मुछिया गाव निवासी स्वकरमदास हेरेंज का 14 वर्षीय पुत्र अनमोल हेरेंज शनिवार को मालगो साप्ताहिक हाट गया था।। मालगो हाट से घर पतरा मुछिया लौटने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आने से अनमोल हेरेंज की मौत हो गयी। दूसरी घटना में चिउर गांव के पास कटने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। ग्रामीणों द्वारा दोनों घटनाओं की जानकारी कर्रा थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस दोनों घटनास्थलों पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर शनिवार रात्रि कर्रा थाना लाई। मृतक अनमोल हेरेंज के शव को परिजनों को सौंपा गया और अज्ञात व्यक्ति के शव को खूंटी के शीतगृह में रखा गया है।

## नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली:** एक दिसंबर को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 01 दिसंबर को सिल्ली में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग के 78 लोगों की जांच हुई जांच के उपरांत 26 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन 02 दिसंबर को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा` शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल ,स्वरूप दत्ता ,भरत सिंह , पीयूष अग्रवाल, दिलीप दे , रिशी सोनार , प्रशान्त रविदास , जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई , अमर अग्रवाल , प्रकाश अग्रवाल, आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चतरा में मिले सरकारी पौष्टिक आहार के हजारों खाली पैकेट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** गरीबों के बीच निशुल्क बांटे जाने वाले फूड सप्लीमेंट के हजारों खाली पैकेट मिले हैं। झारखंड सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी केदो के माध्यम से गांव के नवजात, कुपोषित बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बीच पौष्टिक आहार बांटे जाते हैं। इन आहार के पैकेट को कहीं खाली कर खाली पैकेट को किनारे फेंक दिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं महिलाओं के बीच वितरित होने वाले फूड सप्लीमेंट के हजारों खाली पैकेट सड़क किनारे रविवार को फेके हुए मिले हैं। फूड सप्लीमेंट के पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण बच्चों और महिलाओं के बीच



निशुल्क वितरित किए जाते हैं। दर्जनों बोरों में बंद हजारों खाली रैपर सड़क के किनारे पड़े हुए हैं। आधा किलोमीटर के दूरी में हजारों की संख्या में पैकेट और बोरी बिखरे पड़े हैं। इधर से गुजरने वाले राहगीर इन पैकेट को देखकर तरह तरह के सवाल कर रहे हैं। चतरा जिले के पत्थलगडा-गिद्धौर प्रखंड के सीमाने में बंदरचुंआ पहाड़ी के नीचे पत्थलगडा-इटखोरी वाया गांगपुर मुख्य पथ में इन खाली पैकेटों को बिखेर दिया गया है। लबानी पुल से लेकर बंदरचुआं पहाड़ी तक कई बोरों में जिसमें झारखंड सरकार का लोगो भी लगा है उनमें खाली पैकेट भरे हुए हैं। कई पैकेट में मीठा दलिया और फूड सप्लीमेंट अब भी पड़ा हुआ है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी सेवाएं योजना के अंतर्गत माइक्रोन्यूट्रिएंस फोटीफाइड फूड एनर्जी डेंस फूड का निशुल्क वितरण के लिए पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों को सप्लाई किया जाता है। यह योजना झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। सड़क किनारे बिखरे बोरों में इंटरलिंक फूड प्राइवेट लिमिटेड पतरातू इंडस्ट्रियल एरिया रामगढ़ का नेम टैग और झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ है। यह पैकेट झार-न्यूट्री आईसीडीएस झारखंड के लिए फूड सप्लीमेंट आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं समेत 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के बीच वितरण किया जाता है। बिखरे पैकेट में शिशु आहार जो 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के लिए, पौष्टिक मीठा दलिया धात्री मात्राओं के लिए, पौष्टिक नमकीन- दलिया गर्भवती महिलाओं के लिए और पौष्टिक मीठा दलिया अति कुपोषित बच्चों के लिए वितरण किया जाता है।

## कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित आमसभा में पारित हुए कई प्रस्ताव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** एन.डी.एम. कन्या उच्च विद्यालय में रविवार को विद्यालय के ग्राम शिक्षा समिति एवं ग्रामीण जनता के द्वारा एक आमसभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा मे विद्यालय के विकास से संबंधित पांच बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए, तथा पूर्व के बैठक की समीक्षा की गई। जिन पांच बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए गए हैं, उन में विद्यालय के पश्चिमी भाग में जर्जर भवन को तोड़कर उसके जगह पर नया भवन बनवाने, विद्यालय में सोलर सिस्टम लाइट का व्यवस्था करने, विद्यालय के खेल के मैदान की चौड़ाइ करण एवं समतलीकरण कर उसे खेलने योग्य बनाने, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को देखते हुए इस विद्यालय को उच्च विद्यालय से उत्क्रमित अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय में परिवर्तित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ में यह भी निर्णय लिया गया है कि विद्यालय की सुरक्षा को देखते हुए सरकार से रात्रि प्रहरी की भी मांग की गई है। इसके अलावा विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के संबंध में और भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आमसभा के दौरान चचाएं हुई हैं। इस सभा में देवजीत कुशवाहा, मनोहर लाल चौहान, अमर कुमार, नीलम कुमारी, प्रकाश भगत, अमर कुमार महतो, गोविंद कुमार, रानी दास, करुणा देवी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महिलाएं अपने बच्चों को सही शिक्षा दें, उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें : फा इग्नासियुस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा धर्मप्रांतीय कैथोलिक महिला संघ की बैठक रविवार को सामटोली चर्च परिसर में हुई। मौके पर कैथोलिक महिला संघ से जुडी महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। बैठक में काथलिक महिला संघ की रैली एवं सिलिगुढ़ी दौरे कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। मौके पर पल्ली पुरोहित सह विजी फा इग्नासियुस टेटे ने सभी महिलाओं को संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। आज भी हमारे समाज में कई बुराईयां है। इसे दूर करने की दिशा में भी महिलाएं पहल करें। फा इग्नासियुस ने कहा कि महिलाएं अपने बच्चों को सही शिक्षा दें। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करें। क्योंकि शिक्षा के बदौलत ही समाज को आगे ले जाया जा सकता है। उन्होंने



महिलाओं को एवं घर के बच्चों को भी प्रतिदिन प्रार्थना करने की अपील की। मौके पर फा इग्नासियुस का जन्मदिन भी मनाया गया। सिमडेगा विधानसभा से भूषण बाड़ा को जिताने के लिए जोसिमा खाखा ने सभी के प्रति जताया आभार बैठक में उपस्थित बीरू भिखारियेट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सिमडेगा विस से भूषण बाड़ा को जिताने में सहयोग करने पर सभी लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने विजी सहित सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्हों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही सिमडेगा विस से कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा को जीत मिली है। बैठक में धर्मप्रांतीय काथलिक सभानेत्री सुशीला कड़ा, सुचिता जोजो, अनिता रानी तोपनो, फिलिसिता केरकेट्टा, जिप सदस्य सह बीरु भिखारियेट की सभानेत्री जोसिमा खाखा, रजनी कुल्लू, कमेर्ला कुल्लू, जोसेफा कुजूर, जोसेफा कुल्लू , सुषमा लकड़ा, अनिमा बाड़ा, अनिमा कुजूर, क्लारा बाः, कतरिना, उसुर्ला सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## मालदा रेल खंड के एडीआरएम ने साहिबगंज रेलवे का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा रेल के एडीआरएम शिव कुमार प्रशाद शनिवार को निरक्षण यान से साहिबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने एआरपी किरान की जांच के लिए स्थल पहुंचे जहां उन्होंने रेल अधिकारियों के साथ पूरे किरान की जांच पड़ताल की और किरान में लगे कुछ उपकरणों को चला कर देखा और संबंधित रेल अधिकारियों को किरान को अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एडीआरएम ने अधिकारियों के साथ रनिंग रूम पहुंचे जा उन्होंने रेलवे पायलट और गार्ड से वातालर्प कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।साथ ही लोको पायलट के रहने कि सुविधा, खाने पीने की सुविधा, रख रखाव, मेंटेनेंस रजिस्टर सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा किए। इसके बाद उन्होंने संयुक्त क्रू लॉबी पहुंचे जहां उन्होंने रेल अधिकारियों से रेल पायलट की ड्यूटी, रेल गार्ड की ड्यूटी, कर्मियों की मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसी दौरान ड्यूटी के दौरान रेल कर्मियों को होने वाले समस्या से भी एडीआरएम अवगत हुए और जल्द से जल्द समाधान करने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जहां उन्होंने डीएमयू सेड पहुंचे और पूरे डीएमयू ऐरिया का जायजा लिया और जानकारी प्राप्त की।इसी दौरान उन्होंने बताया कि क्रू लॉबी रनिंग रूम की जांच की गई सभी कुछ व्यवस्थित है रेल कर्मियों से वातालर्प भी की गई कुछ समस्याओं से अवगत कराया है जो जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि डीएमयू सेड में मेंटेनेंस होने वाली बोगियों का किस तरह से रख रखाव चल रहा है इसकी जानकारी ली गई। इसके साथ ही मेमो मेंटेनेंस के लिए क्या फैसिलिटी डेवलप करनी है जिससे कि यहां पर मेमो मेंटेनेंस कर पाएं।

## धनबाद रेल मंडल में यूनियन के नेताओं ने तेज किया प्रचार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** रेलवे में मान्यता के लिए 11 वर्ष के बाद होने वाला चुनाव 4 से 6 दिसंबर तक होगा। यूनियन के नेताओं ने प्रचार-प्रसार कोडरमा गझंडी, पहाड़पुर, हजारीबाग रोड, हजारीबाग टाऊन सहित धनबाद रेल मंडल में तेज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि गत चुनाव 2013 में हुआ था। चुनाव 5 वर्षों के लिए होता है। इधर, 2013 में इस चुनाव में एकमात्र ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को मान्यता मिली और इस बार 7 यूनियन भी चुनाव मैदान भी ताल ठोक रही है। इसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अलावा धनबाद रेल मंडल में ईस्ट सेंट्रल मेंस कांग्रेस, पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस, ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन, रेलवे कर्मचारी के पास पहुंचकर मतदान अपने पक्ष में करने की अपील कर



रहे हैं। उधर, गझंडी शाखा के ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा सचिव बीबी सिंह ने कहा कि पुनः हमारा यूनियन जीत दर्ज करेगी ऐसी आशा है। रेलवे ने की तैयारी, सीसीटीवी लगाने व मतपेटी की व्यवस्था मान्यता के लिए होने वाले चुनाव में 4 एवं 5 दिसम्बर को अधिकारी एवं कर्मी तथा 6 को दिव्यांग एवं रनिंग कर्मचारी भारतीय रेलवे के विभिन्न स्थलों पर मतदान करेंगे। धनबाद रेल मंडल में लगभग 25000 कर्मी तथा गझंडी शाखा में 2256 कर्मी मतदान में हिस्सा लेंगे।

## अयोध्या धाम में होगा तीसरा राष्ट्रीय साहित्य समागम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच का तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समागम एवं कवि सम्मेलन भरतीया रोड स्थित अयोध्या धाम में आयोजित किया जाएगा। रविवार को महाजन पट्टी स्थित गोपाल चोखानी के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बड़ी धर्मशाला के मैदान में निर्माण का कार्य होने के कारण इस वर्ष का कार्यक्रम जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय के सामने स्थित अयोध्या धाम में आयोजित कराया जाए। यूको बैंक के सेवानिवृत अधिकारी प्रतुलचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष गोपाल चोखानी के द्वारा पिछले कार्यक्रमों से संबंधित आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित कर लिया गया। तीसरी



वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में हास्य रस के कवि प्रमोद चोखानी प्रयागराज एवं रमेश अम्बष्ट दुमका के अलावा गजलकारा रंजना लता वीर रस की कवयित्री स्मृति झा मधुबाला शांडिल्य प्रवीण पांडे के अलावा श्रृंगार रस एवं ओज के वरिष्ठ कवि रचनाकारों का पदार्पण साहिबगंज में होने जा रहा है। मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 21 दिसंबर को दोपहर एवं शाम में दो अलग-अलग सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जबकि 22 दिसंबर को पूर्वाहन के सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन एवं अपराह्न के सत्र में समापन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि साहिबगंज शहर के बाल कवियों को भी इस मंच पर मौका दिया जाएगा जिसके लिए सेवानिवृत शिक्षक विभीषण पासवान, दिलीप कुमार के अलावा अनुराग राहुल और विक्रम कुमार साहिबगंज के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कविता एवं उसकी प्रस्तुति के आधार पर चयन करेंगे। चयनित छात्र-छात्राओं को भी राष्ट्रीय कवियों के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, महासचिव सुधीर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष गोपाल चोखानी के अलावा प्रतुलचंद्र तिवारी, भगवती रंजन पांडे, चेतन भारतीय, अनुराग राहुल, विक्रम कुमार, दिलीप कुमार, विभीषण पासवान, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## आस्था से जुड़े लोगों ने मनाया सूयार्ही पर्व बकरे की दी गई बलि

**सरिया (गिरिडीह):** सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के चंद्रमारणी में रविवार को परंपरा के अनुसार सूयार्ही पर्व मनाया गया। तीन दिनों तक चलने वाले आस्था से जुड़े इस पर्व की शुरूआत शुक्रवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुई वहीं शनिवार को करना का प्रसाद ग्रहण किया गया जबकि रविवार को अपने घरों में पुरोहितों के द्वारा वैदिक मित्रों के साथ भगवान सूर्य नारायण की पूजा कर उन्हें अर्घ प्रदान किया गया इसके पश्चात बकरे की बलि दी गई। जिसे प्रसाद स्वरूप लोगों ने ग्रहण किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा भक्ति गीत गायी गईं। बताया जाता है कि छठ महापर्व की तरह सुराजाही पर्व अगहन,माघ या चैत महीने में मनाई जाती है। पर्व के दौरान पवित्रता का पूरा ख्याल रखा जाता है। महीना पूर्व लोग अपने घरों की साफ सफाई कर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। तथा समयानुसार तीन दिवसीय इस पूजा का आयोजन किया जाता है। पूजा से संबंधित मान्यता है कि सुराजाही पूजा करने से घर में वंश की वृद्धि होती है,परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि प्राप्त होती है।

## चैनपुर थाना क्षेत्र के काराकु गांव में युवक की कुएं में गिरने से मौत



चैनपुर : थाना क्षेत्र के काराकु गांव में एक दुखद घटना घटी, जहां 24 वर्षीय युवक संजू टोप्पो पिता अलेक्जेंडर टोप्पो की मौत कुआं में गिरने से हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। परिजनों ने बताया कि संजू शनिवार को अपने खेतों में कटे धान की फसल को ढोकर घर ला रहा था, लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रविवार की सुबह, घर से कुछ दूरी पर कुछ बच्चियां पानी भरने कुएं में गईं, जहां उन्होंने एक शव पानी में तैरते हुए देखा। बच्चियों ने तुरंत अपने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और शव की पहचान संजू टोप्पो के रूप में की गई। पुलिस की पूछताछ में परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि संजू को मिर्गी की बीमारी थी और संभवतः शनिवार की शाम को मिर्गी का दौरा पड़ने से वह कुएं में गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## झारखंड मजदूर संघ की हुई बैठक



**साहिबगंज:** झारखंड मजदूर संघ की बैठक केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रस्तावित 21 दिसंबर 2024 को बाकुडी रेलवे मैदान में केंद्रीय अधिवेशन तैयारी को लेकर चर्चा की गई। यह अधिवेशन 3 वर्ष में एक बार होता है। इस अधिवेशन में केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और संगठित कार्य सुस्त अधिकारी को पद मुक्त करते हुए नई कमेटी का गठन किया जाएगा। मजदूरों का हक अधिकार दिलाने के लिए संगठन संकल्पित होगा। मौके पर गणेश ठाकुर, चंचल कुमार यादव, रक्षित घोष, फूल कुमारी देवी, मंजू देवी, प्रेमलता देवी, प्रदीप कुमार भगत, तूफान यादव, अमित कुमार मंडल, ललित कुमार वर्मा, गोविंद कुमार, संदीप घोष, दिवाकर यादव, अर्जुन कुमार महतो, सरीन कुमार महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सोलर टंकी गिरने से घर मालिक परेशान



**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बड़ामुरी ऊपर टोला में श्रीपद गोराई के चहारदीवारी के अंदर घर से सटे मुखिया निधि से सोलर टंकी का निर्माण 6 वर्ष पूर्व किया गया था ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी का लाभ प्राप्त हो सके। इधर श्रीपद गोराई, तरु देवी एवं विनोद गोराई ने बताया कि सोलर लगने के बाद जब भी खराब होता था तो हम लोग ग्रामीण आपस में चंदा करके सोलर को बनाते थे। परंतु बीते 20 नवंबर के दिन जर्जर हो जाने के कारण सोलर टंकी सहित गिर गया जिससे मेरा मकान का कच्चा दीवार भी टूट गया। बड़ा मुरी( पश्चिमी )पंचायत के मुखिया को सूचना देने के बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। वर्तमान में हम लोगों को अपने ही घर में आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी और बड़ामुरी मुखिया ( पश्चिमी )के प्रतिनिधि से पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी पर्याप्त फंड के अभाव होने के कारण इसे ठीक नहीं कराया जा सका है।

## ग्राम शिक्षा समिति एवं ग्रामीण जनता के द्वारा आमसभा का हुआ आयोजन



**बरहरवा:** एन.डी.एम. कन्या उच्च विद्यालय में रविवार को विद्यालय के ग्राम शिक्षा समिति एवं ग्रामीण जनता के द्वारा एक आमसभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा मे विद्यालय के विकास से संबंधित पांच बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए, तथा पूर्व के बैठक की समीक्षा की गई। जिन पांच बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए गए हैं, उन में विद्यालय के पश्चिमी भाग में जर्जर भवन को तोड़कर उसके जगह पर नया भवन बनवाने, विद्यालय में सोलर सिस्टम लाइट का व्यवस्था करने, विद्यालय के खेल के मैदान की चौड़ाइ करण एवं समतलीकरण कर उसे खेलने योग्य बनाने, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को देखते हुए इस विद्यालय को उच्च विद्यालय से उत्क्रमित अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय में परिवर्तित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ में यह भी निर्णय लिया गया है कि विद्यालय की सुरक्षा को देखते हुए सरकार से रात्रि प्रहरी की भी मांग की गई है। इसके अलावा विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के संबंध में और भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आमसभा के दौरान चचाएं हुई हैं। इस सभा में देवजीत कुशवाहा, मनोहर लाल चौहान, अमर कुमार, नीलम कुमारी, प्रकाश भगत, अमर कुमार महतो, गोविंद कुमार, रानी दास, करुणा देवी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पाक में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून



आर.के. सिन्हा

**पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के खिलाफ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं।**

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 100 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसके जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं।

वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह तो दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन, ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं।

पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विष्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है। वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था।

पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के खिलाफ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है।



तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं।

बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने की एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जायेगा।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है, जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है।

कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, उन्हें श्दूसरेश के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुँच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं। यह आर्थिक असमानता सामाजिक भेदभाव को और बढ़ाती है। एक समस्या यह भी है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों में अक्सर अपराधियों को सजा नहीं मिलती है, जिससे उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ता है और भेदभाव जारी ही रहता है। न्याय प्रणाली में सुधारों की कमी से अल्पसंख्यकों का भरोसा कम होता है। अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें तो पायेंगे कि पाकिस्तान की स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यकों के साथ लगातार अत्याचार और भेदभाव होता रहा है। यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारक आज भी भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

पाकिस्तान में हिन्दुओं को भी नफरत की निगाह से देखने वाले भी कम नहीं हैं। हालांकि लगभग सारे पाकिस्तानियों के पुरखे हिन्दू ही तो थे। पाकिस्तान का इतिहास हिन्दुओं के खिलाफ नाइंसाफी और खून से लथपथ है। हालांकि 11 अगस्त, 1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने एक भाषण में यह कहा था कि पाकिस्तान में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धार्मिक स्थानों में जाने की अनुमति होगी। यानी पाकिस्तान के विश्व मानचित्र में आने से सिर्फ तीन दिन पहले। उन्होंने अपनी कैबिनेट में जोगिन्दर नाथ मंडल नाम के एक हिन्दू को शामिल भी किया था। वे पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से थे। मंडल को जिन्ना ने अपनी कैबिनेट में विधि मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा था कि इस्लामिक पाकिस्तान में सबके हक सुरक्षित हैं। पर हुआ इसके ठीक विपरीत। मंडल पाकिस्तान के पहले और शायद आखिरी हिन्दू मंत्री बने। वे वहां पर अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता थे। मंडल अपने को बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से बहुत प्रभावित बताते थे। वे दलित समुदाय से आते थे। वे 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में भी विधि मंत्री थे।

जिन्ना की 11 सितंबर, 1948 को मौत के साथ ही मंडल की वहां पर दुर्गति चालू हो गई थी। उनकी हर सलाह को नामंजूर कर दिया जाता। नतीजा यह हुआ कि वे पाकिस्तान को छोड़कर भारत आ गए। ये 1951 के आसपास की बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ नाइंसाफी होती है। इसलिए उनका पाकिस्तान में रहना मुमकिन नहीं होगा। मंडल उसके बाद कोलकत्ता आ गए। उनका 1968 में निधन हो गया। मंडल ने जो कहा था, वह अक्षरशः सही निकला। पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। इसी का नतीजा था कि जिन्ना का करीबी एक दलित हिन्दू मंत्री तक पाकिस्तान में नहीं रह सका। कुल मिलाकर बात यह है कि पाकिस्तान में अभी तो सिर्फ सुन्नी ही सुरक्षित हैं। आगे क्या होगा शायद खुदा को खुद भी पता न हो। आगे-आगे देखिये होता है क्या?

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### क्या 1971 याद नहीं

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कातिलाना हमले और उनके मंदिरों को तोडे, आग लगा देने की घटनाओं पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर संसद के दोनों सदनों में वक्तव्य देंगे। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने भी मंत्रालय बांग्लादेश की घटनाओं का खुलासा करेगा। क्या बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात और हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों पर भारत सरकार का यह रुख ही पर्याप्त है? क्या प्रधानमंत्री मोदी को वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से सख्त लहजे में बात नहीं करनी चाहिए? क्या बांग्लादेश को 1971 की याद नहीं दिलानी चाहिए? हम नहीं जानते कि कूटनीति क्या कहती है, लेकिन हम वहां के हिंदुओं के अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं। बांग्ला हिंदू भी बुनियादी तौर पर 'भारतीय' ही हैं। चिंतित सरोकार तो यह है कि यूनुस मौजूदा घटनाओं और हत्याओं को 'हिंदू अत्याचार' मानते ही नहीं! बांग्लादेश की सडकों पर जो बेखौफ भीड़ दिखाई देती है, हिंदुओं को मारने-काटने के जो नारे बुलंद किए जा रहे हैं, रात में हिंदुओं के घरों में घुसकर सेना और पुलिस जो यातनाएं दे रही हैं, अपहरण-धर्मांतरण किए जा रहे हैं, मंदिरों में देवी-देवताओं की जिस तरह प्रतिमाएं खंडित की जा रही हैं, क्या वे खुद हिंदू ही कर रहे हैं? भारत के हिंदू हों या बांग्लादेश में बसे हिंदू हों, सभी सनातनी संस्कृति के आस्थावान समुदाय हैं। उनके जीवन और धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा करना प्रधानमंत्री मोदी का ही समान दायित्व है। यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह का राज्यसभा में दिया यह बयान बिल्कुल गलत है कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की रक्षा करना वहां की सरकार की जिम्मेदारी है। वहां के कट्टरपंथी तो बांग्लादेश को हिंदू-मुक्त करना चाहते हैं।

वे ऐसे ऐलान भी करते रहे हैं। स्थानीय विश्वविद्यालयों से हिंदू प्रोफेसरों को जबरन निकाला जाता रहा है। वहां की सरकार खामोश, कन्नी काट कर बैठी रहेगी, तो क्या भारत सरकार भी तटस्थ बनी रहेगी? शायद बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को याद नहीं है कि 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश बनाने में भारत का निर्णायक योगदान था। यदि भारतीय सेना तत्कालीन 'मुक्तिबाहिनी' के आंदोलन के साथ न जुड़ती, तो शायद बांग्लादेश ही न बनता! बेखौफ, बेलगाम घूमती कट्टरपंथी जमात को यह इतिहास पढ़ाया जाना चाहिए। बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को यह भी याद नहीं होगा कि जब 'बांग्लादेश' बन रहा था, तब चारों ओर भुखमरी, गरीबी के ही हालात थे। उस दौर में 'इस्कॉन' ने ही रोजाना लाखों लोगों को भोजन मुहैया कराया था। भारत में भी करीब 12,000 बांग्लादेशियों को हर रोज खाना खिलाया गया था। आज भी बांग्लादेश में 'इस्कॉन' 77 मंदिरों का संचालन कर रहा है और 75,000 से अधिक उसके अनुयायी हैं। तब प्रख्यात सितारवादक पंडित रवि शंकर ने एक अन्य विदेशी संगीतकार के साथ मिल कर न्यूयॉर्क में कंसर्ट किया था, जिससे बांग्लादेश के लिए 100 करोड़ रुपए जुटाए गए थे।

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस : प्रदूषण से बढ़ती मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?



ललित गर्ग

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश एवं दुनिया की हवा में घुलते प्रदूषण का ह्यजहरह्न अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। प्रदूषण के कारण जल, भूमि, और वायु प्रदूषित होता है, जिससे मौतें होती हैं, प्रदूषण से जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्न की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्मा इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियों ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है।

हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्न की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा



को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है, विचार और योजनाएं बनानी चाहिए।

## चिंतन-मनन

### प्रतिभा की पहचान

यूनान के किसी गांव का एक लड़का लकड़ियां काटकर गुजारा करता था। वह दिन भर जंगल में लकड़ियां काटता और शाम को पास के शहर के बाजार में उन्हें बेच देता था। एक दिन एक विद्वान व्यक्ति बाजार से जा रहा था। उसकी नजर बालक के गट्ठर पर पड़ी जो बेहद कलात्मक ढंग से बंधा था। उसने उस लड़के से पूछा- क्या यह गट्ठर तुमने खुद बांधा है? लड़के ने जवाब दिया- जी हां, मैं दिन भर लकड़ी काटता हूं, स्वयं गट्ठर बांधता हूं और रोज शाम को बाजार में बेच देता हूं। उस व्यक्ति ने कहा- क्या तुम इसे खोलकर इसी प्रकार दोबारा बांध सकते हो? लड़के ने गट्ठर खोला तथा बड़े ही सुंदर तरीके से उसे फिर बांध दिया। यह कार्य वह बड़े ध्यान, लगन और फुर्ती के साथ कर रहा था।

लड़के की एकाग्रता, लगन तथा कलात्मक रीति से काम करने के तरीके ने उस व्यक्ति को काफी प्रभावित किया। उसे बच्चे में काफी संभावना नजर आई। उसने पूछा- क्या तुम मेरे साथ चलोगे? मैं तुम्हें अपने साथ रखूंगा, शिक्षा दिलाऊंगा। तुम्हारा सारा खर्चा मैं उठाऊंगा। बालक ने सोच-विचार कर अपनी स्वीकृति दे दी और उसके साथ चला गया। उस व्यक्ति ने बालक के रहने और उसकी शिक्षा का प्रबंध किया। वह स्वयं भी उसे पढ़ाता था और नई-नई बातें सिखाता था। थोड़े ही समय में उस बालक ने उच्च शिक्षा हासिल की और काफी कुछ ज्ञान अर्जित कर लिया। बड़ा होने पर यह बालक यूनान के महान दार्शनिक पाइथागोरस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। और जिस व्यक्ति ने उसे अपने यहां रखा था वह था यूनान का विख्यात तत्व ज्ञानी डेमोक्रीट्स।

# वैश्विकी: सीरिया में रूस विरोधी जेहाद



डॉ. दिलीप चौबे

पश्चिम एशिया में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के तुरंत बाद सीरिया में युद्ध का एक नया मोर्चा खुल गया है। सीरिया पश्चिम एशिया में संभवत एकमात्र धर्मनिरपेक्ष देश है जो अरब-इस्लामी देशों की आंखों की किरकिरी बना हुआ है। लंबे समय तक वहां दुनिया भर के जेहादी संगठन राष्ट्रपति बशर-अल-असद की सरकार के खिलाफ मुहिम चलाते रहे हैं। आतंकवादी संगठन आईएस, अल कायदा और अल-नुसरा सहित अनेक जेहादी संगठनों ने सीरिया में बड़े पैमाने पर खून-खराबा किया। राष्ट्रपति असद की सरकार रूस और ईरान के समर्थन से देश में अपना शासन बनाए रखने में सफल रही। एक समय ऐसा था जब दुनिया भर के जेहादी समर्थक लड़ाकू सीरिया कूच कर रहे थे। यूरोप से भी अनेक गुमराह युवा सीरिया के जेहाद में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने आईएस जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भाग लिया था। लेकिन उन्होंने असद सरकार के खिलाफ सैन्य अभियान चला रहे खी सीरियन आर्मी और अल-नुसरा जैसे संगठनों को सहायता दी थी। इस्राइल भी असद सरकार को अपने लिए खतरा मानता है। यही कारण है कि उसने भी असद विरोधी संगठनों को मदद दी।

नवीनतम घटनाक्रम में तुर्की समर्थक आतंकवादी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एसटीएस) के विद्रोहियों ने सीरिया के दो शहरों अलेप्पो और अल्दीव पर धावा बोल दिया। यह हमला इतना आकस्मिक और बड़े पैमाने पर था कि सरकारी सेनाएं लड़खड़ा गइ्र। दो-तीन दिनों में ही आतंकवादियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। सीरिया की सेना के सामने पीछे हटकर नये सुरक्षा मोर्चा कायम करने के अलावा और कोई चारा नहीं था। आतंकवादियों ने अलेप्पो में राष्ट्रपति असद और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर दिया। ऐसे ही दृश्य कुछ दिन पहले बांग्लादेश में देखने को मिले थे जब इस्लामी उग्रवादियों की भीड़ ने राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमाओं को तोड़ा था।

सीरिया की घटनाक्रम में तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन की भूमिका सबसे अधिक संदिग्ध है। वास्तव में एचटीएस की सैनिक सफलता के पीछे तुर्की का सक्रिय सहयोग है। सीरिया में तुर्की के सीमावर्ती इलाकों में सीरिया की सेनाओं और उसके समर्थक सशस्त्र गुटों की मौजूदगी है। कुछ वर्ष पूर्व रूस और तुर्की के बीच यह सहमति बनी थी कि वह यथास्थिति कायम रखेंगे। एसटीएस के हमले से जाहिर है कि तुर्की ने इस समझौते को तोड़ा है तथा वह असद सरकार को अस्थिर बनाने की साजिश में शामिल है।

कुछ विश्लेषकों के अनुसार इस प्रकरण में अमेरिका, खंस, इस्राइल और यूक्रेन की भी हिस्सेदारी है। रूस ने तुर्की पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाया है। रूस की ओर से सीरिया की मदद के लिए युद्ध विमान भेजे गए हैं। रूस की वायु सेवा अलेप्पो और अल्दीव में विद्रोहियों के मोर्चों पर बमबारी कर रही है। इससे आतंकवादियों को जान-माल का नुकसान होगा और उनकी बढ़त रुकेगी। लेकिन जमीनी मोर्चे पर सरकारी सेनाओं के लिए अलेप्पो पर दोबारा कब्जा करना मुश्किल होगा। रूस भी इस समय यूक्रेन युद्ध में उलझा है। उसके लिए भी आसान नहीं होगा कि वह अपने सैन्य संसाधन बड़ी मात्रा में सीरिया भेजे।

फिलहाल, प्रारंभिक झटके के बाद सीरिया की सेना फिर लामबंद हो रही है। उसने नए सुरक्षा मोर्चे काम किए हैं तथा जवाबी हमले की तैयारी में है। कुल मिलाकर, हालात राष्ट्रपति असद के प्रतिकूल हैं। उनकी सरकार को हिजबुल्लाह का सक्रिय समर्थन हासिल था। पिछले एक वर्ष में हिज्बुल्लाह की ताकत काफी कम हुई है। गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह इस्राइली हमलों के कारण संगठित सैन्य ताकत नहीं रहे हैं। ईरान भी सीरिया की मदद करने की बजाय आत्मरक्षा की कवायद में है। पश्चिम एशिया में सुन्नी और शिया देशों की टकराव का यह ज्वलंत उदाहरण है। इसकी परिणति एक धर्मनिरपेक्ष देश के पतन के रूप में सामने आ सकती है।

# सीएम ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

## जनता दरबार में बोले-किसी के साथ नहीं होगा अन्याय, सभी की मिलेगी मदद



**गोरखपुर।** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के जरिए आमजन की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और हर पीड़ित को न्याय मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने खुद कुर्सियों पर बैठे करीब 300 लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। हर प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनकी हर समस्या का हल निकालने के लिए तत्पर है। जमीन से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि विवाद पारिवारिक हो, तो दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर समाधान निकाला जाए। यदि ऐसा संभव न हो, तो कानूनी कार्रवाई की जाए। अवैध कब्जों पर उट ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हरसंभव मदद करेगी।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इलाज से जुड़ी सभी औपचारिकताएं तेजी से पूरी करें ताकि समय रहते जरूरतमंदों को सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों पर कहा कि हर मामले को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निपटाया जाए। किसी भी तरह की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर पीड़ित को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए उनके नाम और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उट ने उन्हें चॉकलेट भी दी। उनकी सादगी और सहजता ने बच्चों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी ला दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और सक्रियता ने जनता में भरोसा जगाया है कि सरकार उनके हर मुद्दे पर गंभीर है। चाहे वह जमीन विवाद हो, इलाज की समस्या हो या किसी अन्य क्षेत्र से जुड़ी शिकायत–हर पीड़ित को न्याय और राहत देने का उनका प्रयास जनता के बीच सकारात्मक संदेश दे रहा है।

# झांसी में मंत्री बोली: सपा चाहती है कि बवाल हो



**झांसी।** यूपी सरकार की मंत्री बेबीरानी मौर्य शनिवार को झांसी पहुंचीं। मंत्री ने कहा कि संभल के विवाद पर मैं क्या कहूं। सभी ने देखा कि किस तरह से वहां पत्थरबाजी हुई है। उनको रोकने के लिए कुछ तो कार्रवाई करनी पड़ती। संभवता वही हुआ। मगर, समाजवादी पार्टी का काम ही है कि उधम हो, बवाल हो। लेकिन इस समय की भाजपा सरकार सही काम कर रही है। वे यहां के सर्किट हाउस में सपा के डेलिगेशन को संभल जाने से रोकने के सवाल पर जवाब दे रही थीं। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की घटना पर कहा कि देखिए ये अलग देश का मामला है। उसमें भारत इतना हस्ताक्षेप नहीं कर सकता। वहीं के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को हस्ताक्षेप करना चाहिए और उनका बचाव करना चाहिए। वहीं, बागेश्वर धाम की यात्रा पर कहा कि ये धार्मिक यात्रा थी। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ईश्वर को लेकर अस्था है और वे अस्था जगाने का काम कर रहे हैं तो अच्छी बात है। हिंदू राष्ट्र बनाने का उनका अपना मत है। उनकी यात्रा राजनीति से प्रेरित नहीं है।

# मस्जिद में बच्ची से रेप की कोशिश

## मौलाना ने भाई के साथ मिलकर 3 घंटे बंधक बनाया, दोनों गिरफ्तार





**संभल ।** एक मस्जिद में 13 साल की बच्ची को 3 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उससे रेप की कोशिश की गई। लोगों ने बच्ची की रोने-चिल्लाने की आवाज सुनी, तो पुलिस को सूचना दी। इसी बीच घर वाले भी बच्ची को तलाश करते हुए मस्जिद तक पहुंच गए। अंदर गए, तो वहां एक नाबालिग लड़का बच्ची के साथ आपत्तिजनक हालत में मिला। पुलिस ने उसे पकड़ कर बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा। इस मामले में मौलाना और उसके नाबालिग भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर पॉक्सो समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला गुन्नौर थाना क्षेत्र का है। ढलान वाली मस्जिद से शुक्रवार शाम को चीखने की आवाजें आने पर वहां से गुजर रहे लोग अंदर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक नाबालिग लड़का बच्ची से रेप करने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच बच्ची के घर वाले भी उसे ढूंढते हुए मस्जिद के अंदर पहुंच गए। बच्ची ने अपने घर वालों को बताया कि मौलाना साजिद उसे अपने नाबालिग भाई के साथ मस्जिद में लाया था। 3 घंटे तक मस्जिद के भीतर रखा। इसके बाद घर वालों ने पूरे मामले की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौलाना साजिद और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची का छोटा भाई मौलवी से पढ़ने मस्जिद आता था। शुक्रवार को भी वह यहां आया था। शाम 7 बजे बच्ची अपने भाई के पास गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद मौलवी के नाबालिग भाई ने उसे पकड़ लिया। फिर उसे कमरे में बंद कर लिया और उसके साथ गंदी हरकत की। एसपी कृष्ण विश्नोई ने बताया कि एक महिला ने शिकायत दी कि उनकी बच्ची की उम्र 13 साल है। बच्ची को 3 घंटे तक ढलान वाली मस्जिद में बंद करके रखा गया। मस्जिद के मौलवी साजिद और उसके नाबालिग भाई ने बच्ची को बंद किया था।

पुलिस ने जब बच्ची को ढूंढना शुरू किया, तो वह मस्जिद के अंदर मिली। बच्ची को उसके घर वालों के हवाले कर दिया गया है। पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बच्ची ने बताया है कि उसके साथ रेप की कोशिश की गई है।

# संविधान दिवस समारोह में वैचारिकी क्रांति का आह्वान





संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड नं 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महन्थ) स्थित रामलीला मैदान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में संविधान के मूल्यों पर चर्चा की गई। रविवार को आयोजित समारोह की शुरूआत संविधान की पुस्तक, बुद्ध प्रतिमा व डॉ आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो लक्ष्मण यादव, ने कहा कि संविधान को लेकर हमें जागरूक होना होगा। महात्मा फुले, अम्बेडकर की चर्चा करते हुए कहा कि देश को एक क्रांति की जरूरत है। इस क्रांति के सबसे बड़े नायक बाबा साहब हैं। जिन्होंने दलित, पिछड़ों व अल्पसंख्यक वर्ग को अधिकार दिया। आज संविधान खतरे में है। इसे बचाने की जरूरत है। अपनी जिम्मेदारी समझें झूठ, लूट, राजनीति के खतरे से अपने परिवार को बचाएं। अगर नहीं चेते तो हजारों सालों से सामाजिक न्याय की लड़ाई खत्म हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियां गुलाम हो जाएंगी। शिक्षा पर ध्यान दें और हक के लिए लड़ें। मेरा विश्वास है कि आप जीतेंगे। कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। युवा, नौजवान शिक्षक पर लाठियां बरसाई जा रही है। वहीं कावड़ यात्रा वालों पर फूल बरसाए जा रहे हैं। हमें संविधान ही न्याय दिला सकता है। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट निर्देश सिंह, गुजरात आरक्षण आंदोलन के संयोजक चिराग पटेल, चन्द्र भूषण सिंह यादव, डॉ आरएस पटेल, डॉ रमाकांत कुशवाहा, गोबर्द्धन गोंड़, भन्ते डॉ नन्द रतन, भंते महेंद्र, प्रो वीरेंद्र कुमार, भन्ते विमल कीर्ति, प्रो. बीड़ी गौतम, डॉ अवधेश बौद्ध, आरके गौतम, सुनैना सिंह कुशवाहा, प्रो विनय, डा अभय प्रताप, गुड्डी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा बनाये भारत के संविधान को बदलने की साजिश की जा रही है। इसलिए जागरूक हों और और संविधान में प्रदत्त समानता, बंधुता, स्वतंत्रता, बंधुता, अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार को लेकर वैचारिकी क्रांति का आह्वान किया ताकि अधिकार व कर्तव्य की रक्षा हो। कार्यक्रम संयोजक डॉ राघवेंद्र सिंह पटेल, सह संयोजक सभासद विजेंदर सिंह भगत, कमलेश कुशवाहा, जेपी यादव, गणेश पटेल, अशोक सिंह, संजय सिंह, प्रवक्ता हीरालाल गोंड़, शिक्षक अवधेश कुमार, सभासद पीएन सिंह, अजेन्द्र सिंह, गिरिजेश सिंह, प्रियेश गोंड़ आदि ने अतिथियों को पंचशील की पट्टिका, संविधान की पुस्तक व बुद्ध के चित्र देकर सम्मानित किया। जीवन दीप स्कूल के बच्चों द्वारा बुद्ध गीत और ज्योति बा फुले पर आधारित नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। अध्यक्षता अवकाश प्राप्त जिला जज सगीर आलम व संचालन कार्यक्रम समन्वयक नीतीश विश्वकर्मा, बृजेश कुशवाहा ने किया जबकि आभार डॉ राघवेंद्र व विजेंद्र विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर पहलवान रामाश्रय यादव, डॉ पवन खरवार, शिव विश्वकर्मा, शिव खरवार, इलियास अंसारी, सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, पुरन्दर प्रताप यादव, आशिक अली, रामशंकर शर्मा, बच्चा यादव, श्रीनारायण कुशवाहा, महेश पासवान, डॉ पी के पटेल, प्रियेश गोंड़, अमरजीत सिंह, शैलेश कुशवाहा, रामकिशोर चौहान, भन्ते विनय कीर्ति, जनार्दन यादव, विनायक यादव, समीउल्लाह अंसारी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक कर दिया एड्स के प्रति जागरूता का संदेश



**बस्ती ।** विश्व एड्स दिवस पर जिला एड्स नियंत्रण समिति, ग्रामीण विकास सेवा समिति, उम्मीद संस्था ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। नुक्कड़ नाटक ने इस कार्यक्रम में खास आकर्षण का केंद्र बनकर लोगों को एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएस दुबे ने की। रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन अधीक्षक की अध्यक्षता में एचआईवी/एड्स जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ स्टेशन अधीक्षक नसीम अहमद, रेलवे चिकित्साधिकारी डॉ. मुसक्कीर अहमद और आरपीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार कसाना ने फीता काटकर किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएस दुबे ने संगोष्ठी के दौरान बताया एचआईवी/एड्स से जुड़ी जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति 1097 पर कॉल कर सकता है। यह सेवा पूरी तरह से निशुल्क है। क्लस्टर प्रोग्राम ऑफिसर अखिलेश सिंह ने कहा कि बच्चों को भी समय-समय पर एड्स और यौन रोगों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे भी सतर्क और जागरूक रहें। ग्रामीण विकास सेवा समिति के सचिव अंबुज कुमार यादव और सीएससी के परियोजना निदेशक रिवान ने बताया कि इस वर्ष भी प्रवासी और युवाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर उम्मीद संस्था की परामर्शदात्री अलका मिश्रा, ओएसटी काउंसलर अमित यादव, एआरटी से ज्योत्सना गुप्ता, सम्पूर्ण सुरक्षा क्लीनिक से ममता पाठक, आईसीटीसी से स्वेता मणि त्रिपाठी, और ग्रामीण विकास सेवा समिति के मोहम्मद असरफ, दया शंकर, कंचन, और सीएससी के संजय भट्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य करने वाली पार्टी: डॉ रंजन शर्मा




संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ही राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य करने वाली राजनीतिक पार्टी है।भाजपा में जहां देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कार्य किया जाता है, वहीं आंतरिक लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए संगठन के कार्यों को भी लोकतांत्रिक रूप से पूरा किया जाता है। भाजपा में बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सक्रिय सदस्यों को ही पदाधिकारी बनाया जाता है। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, इसलिए आंतरिक लोकतंत्र भी हमारे अंदर होता है और उसी के अनुसार संगठन के चुनाव होते हैं। दूसरों की तरह किसी को लाकर नहीं बिठाते। संगठन पर्व चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष के बाद प्रदेशाध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सक्रिय सदस्य अपनी भूमिका निभाते हैं। यह बातें भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा ने कहा। वह रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व द्वितीय चरण के जिला कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के प्रथम चरण में हम लोगों ने बूथ समिति का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न किया है अब आगे 15 दिसंबर तक हर हाल में मण्डल अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराना है।बअध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने बताया कि कुशीनगर जनपद के सभी 34 मण्डलों में 50 प्रतिशत से अधिक बूथों का गठन किया जा चुका है अगले दो दिनों के अन्दर शत-प्रतिशत बूथ समिति गठित कर दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी के लिए उत्सव है सभी पदाधिकारी उत्साह और उमंग पूर्वक पूरी निष्पक्षता से संगठन पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। संचालक जिला सह चुनाव अधिकारी व जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, लल्लन मिश्र, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड,अजय तिवारी, राधेश्याम पाण्डेय, सन्तोष दत्त राय, सुदर्शन पाल, अवधेश प्रताप सिंह, विजय कुमार शुक्ल,विनोद भारती, मनोज जायसवाल,बंका सिंह पटेल, रामेश्वर कुशवाहा, प्रवीण गुंजन, अतुल श्रीवास्तव सहित जिला पदाधिकारी,सभी मण्डल चुनाव अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष और संगठन पर्व सहयोगी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### दस रुपए के लिए बुलाई पुलिस: डेढ़ साल से नहीं दिए थे बकाया दस रुपये



**हरदोई।** जिले में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। डेढ़ साल से एक युवक ने बकाया दस रुपये नहीं दिए तो दुकानदार ने पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक ने रुपए दे दिए। डेढ़ साल से पान मसाला के 10 रुपये अदा न किए जाने से नाराज होकर एक शख्स ने यूपी 112 पर कॉल कर दिया। यूपी 112 की पीआरवी मौके पर पहुंची तो समस्या सुनकर निस्तारण कराया। शिकायत दर्ज कराने वाले ने बताया कि यूपी 112 पर शिकायत दर्ज कराते ही बकायेदार ने रुपये अदा कर दिए। मामला सांडी थाना क्षेत्र के बरंडारी गांव का है। यहां के रहने वाले जीतेंद्र एक हाथ से निशक्त हैं। जीतेंद्र पान की दुकान चलाते हैं। गांव के ही संजय ने डेढ़ साल पहले 10 रुपये की पान मसाला की पुड़िया ली थी। इसके रुपये अभी तक नहीं दिए थे। शनिवार को जीतेंद्र ने संजय से रुपये मांगे तो विवाद हो गया। जीतेंद्र ने यूपी 112 पर कॉल कर दी। मौके पर पहुंची पीआरवी की टीम ने पूछताछ की तो 10 रुपये का विवाद सामने आया। हालांकि, जितेंद्र ने बताया कि यूपी 112 पर फोन करते ही संजय ने 10 रुपये दे दिए थे।

### जिलाधिकारी से कुम्हऊपुर स्थित कृषि भूमि की हदबंदी पैमाईश कराने की मांग

संवाददाता



**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के ललपुरा थाने के कुम्हऊपुर गाँव में रहने वाली गुल्हय्या पत्नी स्व० बृन्दावन ने हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी ललपुरा थाने के कुम्हऊपुर में गाटा संख्या-5,6, 7 जिसका रकबा 1.2660 हैक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वो काबिज रहकर कृषि कार्य करते हैं। जिसकी हदबंदी के लिये प्रार्थिया के पति ने सन 2021 में बाकायदा नियमानुसार 22 जुलाई 2021 में ट्रैजरी में 3000/- रुपये शुल्क का चालान जमा करके हदबंदी पैमाईश कराने के लिये एसडीएम सदर के यहाँ आवेदन किया था। लेकिन प्रार्थिया की इस कृषिभूमि की आजतक हदबंदी नहीं कराई गई। जबकि इसके बावजूद भी प्रार्थिया ने हदबंदी कराये जाने के लिये कई बार आवेदन किया, लेकिन प्रार्थिया की हदबंदी अब तक नहीं हो पाई, जबकि गाँव के ही कुछ दबंग प्रार्थिया को उसकी जमीन हड़पने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रार्थिया को भरोसा दिलाया कि, डरने या घबराने की कोई बात नहीं है, जल्द ही उसकी कृषि भूमि की हदबंदी कराई जायेगी।

### लखनऊ में मां ने बेटे को खिलाया प्रसाद, तबीयत बिगड़ी

**लखनऊ ।** अस्पताल में भर्ती बेटे को उसकी मां ने प्रसाद खिलाया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पिता ने मां और उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला गोमतीनगर विस्तार इलाके का है। यहां के रहने वाले मनीष कुमार शुक्ला ने बताया, 17 नवंबर को बड़े बेटे का एक्सीडेंट हो गया था। पत्रकारपुरम में एमिसियो अस्पताल में बेटे को भर्ती कराया था। 18 नवंबर को मेरी गैरमौजूगी में पत्नी हीना अस्पताल पहुंची और कक्ष में भर्ती बेटे को कुछ खिला दिया। इससे बेटे की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज चला। बेटा स्वस्थ हुआ तो बताया कि मां ने प्रसाद खिलाया था, जिससे हालत खराब हो गई। 22 नवंबर को हीना फिर बेटे से मिलने पहुंची। मैंने कहा कि अब कुछ मत खिलाना, तो उसने हंगामा शुरू कर दिया। मनीष ने बताया, अस्पताल के बाहर गाली देने लगी। इससे भीड़ जुट गई। उसने फोन कर प्रेमी श्वेतांग समेत अज्ञात लोगों को बुला लिया। मौके पर 5-6 लोग आए और मारपीट करने लगे। मैं वीडियो बनाने लगा तो श्वेतांग स्कूटर पर लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद हमला कर दिया। जिससे हाथ के अंगूठे में चोट आई है। पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद खुद मेडिकल कराकर डीसीपी ईस्ट से शिकायत की। तब जाकर मामला दर्ज हुआ। मनीष ने बताया, उसके दो बेटे और एक बेटी है। बेटे मां की असलीयत जानने के बाद मेरे पास रहते हैं, जबकि बेटी को बहला कर अपने पास रखा है। पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है, इसलिए दोनों बेटे उससे बात भी नहीं करते हीना से एक साल से विवाद चल रहा है। हीना दूसरे व्यक्ति श्वेतांग द्विवेदी के साथ रहती है। मामले में इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी का कहना है कि पति-पत्नी का आपसी विवाद है। इसके पहले महिला केस दर्ज करा चुकी है। मामले की जांच की जा रही है।

### प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम पॉलीथिन बैग्स का उपयोग



**बस्ती ।** एक बार फिर प्रतिबंधित पॉलिथिन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। यह अब दुकानों से लेकर घरों तक में पहुंचने लगी है। जब इस पर पड़ताल की गई तो यह सामने आया कि मंगलबाजार से पूरे जिले में प्रतिबंधित पॉलिथिन की सप्लाई हो रही है। रविवार को गांधीनगर के पक्का बाजार में ठेले वाले ग्राहकों को प्रतिबंधित पॉलिथिन में सामान देते हुए कैमरे में कैद हुए। ठेले पर सब्जी, फल बेचने वाले से लेकर बड़ी दुकानों तक में इस पॉलिथिन का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। शहर के प्रमुख इलाकों जैसे कि कंपनीबाग, गांधीनगर, मालवीय रोड, पुराना डॉकखाना, पुरानी बस्ती और यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी दुकानदार पॉलिथिन में सामान दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस पर कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे लगता है कि इन्हें खुली छूट मिल चुकी है। शहर की बात करें तो नगर पालिका परिषद के तत्कालीन ईओ अखिलेश त्रिपाठी की ओर से शहर को पॉलिथिन से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत कई दुकानदारों पर जुमार्ना भी लगाया गया था और नगर पालिका क्षेत्र से पॉलिथिन लगभग गायब हो गई थी। लेकिन वर्तमान में यह अभियान पूरी तरह से विफल हो चुका है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा वर्मा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शहर को पॉलिथिन मुक्त कराने के लिए सभी का सहयोग चाहिए।

# पैक्स अध्यक्ष के परिवार के लिए सुरक्षा की मांग

**नालंदा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष बोले-भय में परिवार, नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष को मारी थी गोली**

**नालंदा।** बिहार शरीफ प्रखंड की मेघी नगमा पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष 55 वर्षीय शिवचरण प्रसाद को बुधवार की रात करीब 10 बजे गोली मारी गई थी। घटना उनकी जीत की घोषणा के 6 घंटे बाद हुई थी। शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शिवचरण प्रसाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता हैं और वह पैक्स चुनाव में विजयी हुए हैं। उन पर राजद के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष विजय गोप और उनके समर्थकों के द्वारा गोली चलाने का काम किया गया है। कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की टीम शिवचरण प्रसाद के घर और मेडिकल कॉलेज में उन्हें देख कर आई है। अब भी परिवार और आसपास के लोग सहमे हुए हैं। अराजकता का माहौल बना हुआ है। CM से की सुरक्षा देने की मांग

पीड़ित परिवार को दबंगों द्वारा केस उठाने की धमकी मिल रही है। ऐसा नहीं करने पर जान मारने की भी बात कह रहे हैं। मैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग करता हूं कि जिला प्रशासन के द्वारा पैक्स अध्यक्ष को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। स्थानीय पुलिस भी अपनी चौकसी बढ़ाये और लगातार घटनास्थल का निरीक्षण करें। दबंग आगामी दिनों में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए हैं। राजद के नेताओं के द्वारा साजिश की जा रही है। इस मामले में अन्य अभियुक्तों की भी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और स्पीडी ट्रायल चलाकर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाया जाए। ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिले और जो खौफ का माहौल बना हुआ है वह खत्म हो। राजद नेता हुए थे गिरफ्तार बता दें कि शिवचरण प्रसाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत हैं। शिवचरण प्रसाद के फर्द बयान के आधार पर 6 नामजद 25 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में दीपनगर निवासी पूर्व मुखिया सह राजद के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष विजय गोप, बिल्लू यादव उर्फ विजय, सुनील गोप, श्रवण यादव, पिंटू कुमार और पीयूष कुमार शामिल है। जबकि 25 अज्ञात पर केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राजद नेता विजय गोप को गिरफ्तार न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।तेजस्वी से मुलाकात कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाएं सोनू कुशवाहा ने आगे कहा कि एक तरफ एमपी एमएलए बनाने के लिए कुशवाहा समाज के लोगों ने राजद नेता आलोक मेहता और अभय कुशवाहा को वोट देने का काम किया। दूसरी तरफ आरजेडी नेताओं के द्वारा वोट के बदले गोली देने का काम करते हैं। हम तारा भाई कुशवाहा से भी अनुरोध करना चाहते हैं कि वह इस मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मुलाकात कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का काम करें।

वहीं इस मामले में विजय गोप की भाभी गीता देवी ने यह आरोप लगाया कि उनके दरवाजे पर आकर पैक्स अध्यक्ष और उनके सहयोगियों ने हर्ष फायरिंग की। भद्दी-भद्दी गलियों का प्रयोग किया। जब ग्रामीणों ने मना किया तो उनके द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी।



## संक्षिप्त डायरी

### शादी समारोह में हथियार के साथ नाच-गाना



**मुजफ्फरपुर।** में हथियार लहराने का एक वीडियो सामने आया है। जो शुक्रवार का है। जिसमें देखा जा सकता है कि बार बालाएं ठुमके लगा रही है। अगल-बगल लड़के हथियार लेकर खड़े हैं। एक के पास पिस्टल है और एक के पास रायफल है। वीडियो किसी शादी समारोह का है। जिसमें डीजे की धुन पर नाच-गाना हो रहा। मामला मनियारी थाना क्षेत्र के मरीचा गांव का है।25 दिन पहले भी कांटी थाना क्षेत्र में फायरिंग करते हुए कुख्यात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। 15 दिन पूर्व भी हथौड़ी थाना क्षेत्र में हाथ में हथियार लेकर लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब एक बार फिर से बार बालाओं के साथ ठुमके लगे। ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने बताया कि हथियारों का इस प्रकार से प्रदर्शन विधि सम्मत नहीं है। मनियारी थाना प्रभारी को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

### दुकान जा रही नाबालिग से दुष्कर्म



**दरभंगा।** में अपराध कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक के बाद एक आपराधिक वारदात निकलकर सामने आ रही है। ताजा मामला जिले के भालपट्टी थाना क्षेत्र का है। महिला थाना की पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में केस दर्ज होने के तीसरे ही दिन आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म के आरोपी की पहचान भालपट्टी थाना क्षेत्र के मुरडीह गांव के रहने वाले राम विलास राम के बेटे विमलेश राम के रूप में हुई है।महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि नाबालिग बच्ची की मां की ओर से दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उनकी बच्ची 26 नवंबर को घर से कुछ ही दूर दुकान सामान खरीदने जा रही थी। इस दौरान पहले से घात लगाए विमलेश राम उनकी बेटी को जबरदस्ती सुनसान जगह लेकर चला गया। वहां बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने नाबालिग को कुछ भी किसी को नहीं बताने की हिदायत देकर उसे और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। एक घंटे बाद उनकी बेटी जैसे-तैसे घर पहूंच कर घटना की जानकारी दी। घटना के बाद युवक के परिजन को जब जानकारी दी गई, तो उन लोगों ने मानने से इनकार कर दिया और पीड़ित परिवार से झगड़ा करने लगे। इसके बाद 29 नवंबर को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ की गई, जिसमें वह दोषी पाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की तहकीकात करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या का आरोप



**दरभंगा।** के कमलपुर बरमोत्तर गांव में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान कमलपुर बरमोतर गांव निवासी गोविंद झा की पत्नी ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस से मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को दे दिया है। मृतका के भाई राघव कुमार की तरफ से मिले आवेदन के आधार पर केस दर्ज का मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के बाद आरोपी पति गोविंद झा सहित सभी पूरा परिवार घर छोड़कर फरार है।मृतका के भाई ने बताया कि उनकी बहन की शादी 10 साल पहले कमलपुर बरमोत्तर निवासी गोविंद झा से हुई थी। कुछ सालों तक सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था। ज्योति को दो बच्चे हुए। 2 महीने पहले ही पारिवारिक कलह की वजह से ज्योति के 8 साल के बेटे की मौत हो गई थी। ज्योति के ससुरालवाले उसके साथ मारपीट और हमेशा प्रताड़ित करते थे। मायके वाले मिलने जाते थे तो मिलने नहीं देते थे। ससुराल के लोग अपमानित करके भगा देते थे। आज भी जब स्थानीय लोगों से मौत की खबर सुनकर ससुराल पहुंचे। ससुराल वाले आंगन में नहीं जाने दे रहे थे। बताया कि रस्सी से गला घोंटकर बहन की हत्या कर दी गई है। आगे बताया कि ज्योति के गले पर रस्सी की निशान दिखाई दे रहा था। ससुरालवालों ने हत्या करके शव को जल्दबाजी में जलाने का प्रयास कर रहे थे।

## बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में प्रकाश आनंद का 27वां रैंक



**सहरसा।** 32वीं बिहार न्यायिक सेवा में सहरसा के 26 साल के प्रकाश आनंद ने 27वां रैंक हासिल किया है। कम उम्र में बिहार न्यायिक सेवा में सफलता को लेकर युवक के माता पिता सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। प्रकाश आनंद के पिता हीरा कुमार सिंह पेशे से एडवोकेट है। वे सहरसा व्यवहार न्यायालय में काम करते है। जबकि मां रूबी देवी बतौर शिक्षिका के रूप में गांव के प्राथमिक विद्यालय अमरपुर में पदस्थापित है। 2021 से शुरू की न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी प्रकाश आनंद के पिता हीरा कुमार ने कहा कि प्रकाश की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही कन्या मध्य विद्यालय हरिपुर से हुई। यहां से साल 2013 में मैट्रिक परीक्षा पास किया। इसके बाद झारखंड के बोकारो से साल 2015 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से साल 2018 में ग्रेजुएशन किया। इस दौरान न्यायिक सेवा में जाने का मन बना लिया था। इसके बाद साल 2021 में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री हासिल किया। साल 2023 में परीक्षा में पहली बार बैठे। दोस्त की शादी में मिली जज बनने की खुशी प्रकाश आनंद ने बताया कि वे पटना में एक दोस्त की शादी में गए हुए थे। तभी फोन पर मैसेज आया कि वे 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में 27वां रैंक लाए है। इस बीच दोस्तों का बधाई देने के लिए फोन आना शुरू हो गया। वे कहते है कि उन्हें अब विश्वास नहीं हो रहा है कि उन्होंने अच्छे रैंक से सफलता हासिल किया है।

# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लाली पहाड़ी का किया निरीक्षण

**लखीसराय।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को लखीसराय के ऐतिहासिक लाली पहाड़ी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मिथलेश मिश्र भी उपस्थित रहे। डीएम ने उपमुख्यमंत्री को पहाड़ी पर चल रहे विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी दी। लाली पहाड़ी का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि लाली पहाड़ी बिहार की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह स्थल हमारी संस्कृति और इतिहास को समेटे हुए है और इसे संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डिप्टी सीएम ने लाली पहाड़ी को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल बिहार की सांस्कृतिक पहचान को संजोएंगे, बल्कि इसे विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेंगे। लोगों ने सरकार के इस पहल का किया स्वागत लाली पहाड़ी पर वर्तमान में विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं, जिनमें सौंदर्यीकरण, पर्यटकों की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और अन्य प्रोत्साहन योजनाएं शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि यह स्थान न केवल धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से राज्य की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है।



**पर्यटन स्थल के रूप में लखीसराय का होगा विकास, लोगों ने पहल का किया स्वागत**

# बिहार को मिला प्रतिष्ठित इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 का सम्मान

**अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए स्पोर्ट्स अवार्ड**





**नालंदा।** देश का प्रतिष्ठित 'इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024' का अवार्ड शनिवार की शाम दिल्ली में FICCI कमीशन हॉल में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस साल बिहार को मिला है। इस अवार्ड को देने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया था। इस पुरस्कार को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने ग्रहण किया है। देश की प्रतिष्ठित संस्था FICCI की तरफ से इस अवार्ड को इमर्जिंग स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स' श्रेणी के अंतर्गत दिया जाता है। यह पुरस्कार फिक्की टर्फ 2024 के14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन का हिस्सा है। जिसके लिए इस साल खेल के क्षेत्र में निरंतर बढ़ती भागीदारी, उत्कृष्ट प्रयास और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के बेहतर और सफल आयोजन के मद्देनजर को देखते हुए बिहार को दिया गया।निर्णायक मंडल की टीम खेल और खेल उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों के निर्णायक मंडल की तरफ से इस सम्मान के लिए व्यक्ति और राज्य को चुना जाता है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रो कबड्डी लीग के सह संस्थापक चारु शर्मा हैं। अन्य प्रतिष्ठित लोगों में प्रसिद्ध खेल पत्रकार विजय लोकपल्ली,जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष पी के एस सागर ,मानव रचना समूह के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ,भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महाप्रबंधक अमृत माथुर ,एसएआई के कार्यकारी निदेशक मंजूश्री दयानंद ड्रीम 11 के कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल के अध्यक्ष दीपक जैकब, खेल पत्रकार एंकर सोनाली चंदरचारु शर्मा, जूरी की अध्यक्ष - सह संस्थापक पीकेएलविजय लोकपल्ली - खेल पत्रकारपी के एस वी सागर - अध्यक्ष, जीएमआर स्पोर्ट्सडॉ. अमित भल्ला - उपाध्यक्ष, मानव रचना समूहअमृत माथुर, पूर्व महाप्रबंधक, भारतीय क्रिकेट टीममंजूश्री दयानंद - कार्यकारी निदेशक, एसएआईदीपक जैकब - अध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल, ड्रीम 11सोनाली चंदर - खेल एंकर पत्रकार शामिल हैं।

# 4 लाख की लूट मामले में 4 अपराधी गिरफ्तार



**पटना।** के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में सागरमल ज्वेलर्स के स्टाफ से 4.50 लाख रुपए की लूट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूट का एक लाख रुपया भी बरामद किया है। पकड़े गए अपराधी बख्तियारपुर और नालंदा के रहने वाले हैं। पुलिस ने चार मोबाइल भी बरामद किया है। तीन बाइक की भी बरामदगी प्रभारी एसपी पूर्वी संजय कुमार ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने लूट में शामिल तीन बाइक बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पिस्टल पर लूटकांड की घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस लूटकांड में कुल छह अपराधी शामिल थे। जिसमें चार पकड़ लिए गए हैं। लेकिन, दो फरार चल रहा है। पटना पुलिस दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। स्टॉफ से हुई थी लूट पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में सागरमल ज्वेलर्स के स्टाफ से शुक्रवार की शाम 4.50 लाख रुपए की लूट हुई थी। ओल्ड बाइपास स्थित एसबीआई बैंक के पास बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की थी। एसबीआई बैंक जा रहा था स्टॉफ ज्वेलरी शॉप के स्टाफ चंदन कुमार एसबीईआई बैंक में रुपए जमा कराने जा रहे थे। इस दौरान छिनतई की घटना हुई थी।

# चलती कार पर फायरिंग, पूर्व पैक्स अध्यक्ष की मौत



**औरंगाबाद।** में शनिवार की शाम 7 बजे अंकोरहा के पूर्व पैक्स अध्यक्ष और नवीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की गोली मार हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि सोनौरा पंचायत मुख्यालय के पुल पर अज्ञात अपराधियों ने चलती कार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इससे संजय की मौके पर ही मौत हो गई है। संजय औरंगाबाद से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कनपटी और सिर में लगी है गोली अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की। इसमें संजय के कनपटी में एक और एक सिर में लगी है। नदी नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हैं। कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें दो गोली पूर्व पैक्स अध्यक्ष को लगी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा। पैक्स चुनाव में पत्नी जीती हैं

प्रथम चरण के पैक्स चुनाव में संजय की पत्नी मीना देवी विजयी हुई है।

# पटना के पॉश इलाके में गेसिंग का धंधा

**ऑफलाइन में कागज पर कोड, ऑनलाइन में ऐप पर देते नंबर; नशे का सारा सामान भी बिक रहा**

**पटना।** के कदमकुआं, गांधी मैदान, पीरबहोर, बुद्धा कॉलोनी, कोतवाली, शास्त्री नगर समेत कई इलाकों में गेसिंग का धंधा खूब चल रहा है। नशे की गिरफ्त में आए युवक इसमें फंस रहे हैं। साथ ही कम समय में लखपति-करोड़पति बनने का सपना देखने वाले युवा भी गेसिंग के शिकार हो रहे हैं। गेसिंग का खेल ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन की चलता है। गेसिंग के खेल में ज्यादातर लोग हारते हैं। जीत होती है, इस गेम को ऑर्गनाइज कराने वालों की। इसमें शामिल लोग जीतने और हारने के बाद नशा करते हैं। इसके बाद अपराध को भी अंजाम देते हैं। पॉकिट काटना, चेन या मोबाइल की छिनतई, चाकू दिखाकर छिनतई जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। राजधानी के कोतवाली थाना इलाके में पहुंची। यहां गेसिंग का धंधा चल रहा था। पटना जंक्शन से सटे इलाके में कई युवक गेसिंग खेलते हुए नजर आए। वहां मौजूद लगभग सभी लोग नशे में थे। सभी की आंखें लाल थीं। जमीन पर कागज के टुकड़े बिखरे थे। इनके कलर भी अलग-अलग थे। सभी कागज पर यूनिक अंक (कोड) था।15 से 30 मिनट में रिजल्ट आता है गेसिंग में शामिल एक युवक ने पहचान नहीं बताने की शर्त पर कहा कि 'कागज ही तो टोकन है। इसपर जो कोड/नंबर मिलेगा, उसे डबल सिंगल में मैच करके देखना होगा।' उसने हमें एक ऐप के बारे में भी जानकारी दी। बोला 'हर 15 से 30 मिनट पर इस खेल से जुड़े रिजल्ट आते हैं। आप ऑफलाइन या ऑनलाइन इस ऐप के जरिए खेल और रिजल्ट देख सकते हैं। आपके पास जितने रुपए हैं, उतने का आप खेल सकते हैं। किस्मत अच्छी रही तो 500, 1000 इन्वेस्ट करने पर रातों-रात लखपति भी बन जाएंगे। ज्यादातर लोगों की हार हो रही थी करीब 2 घंटे तक वहां गेसिंग को समझने के बाद पता चला कि अधिकतर लोग यहां हार रहे थे। हारने के बाद वहीं सूखा नशा लेने लगते थे। कई तो हारने के बाद आपस में गाली-गलौज भी करते दिखे। इस खेल से जुड़ी एक ऑनलाइन वेबसाइट के बारे में पता चला। वहां क्लिक करने के बाद पता चला कि यहां ऑनलाइन भी गेम चल रहा है। वहां मौजूद एक युवक ने बताया कि 'जैसा बताया जा रहा है, वैसा करते जाइए। बहुत आसान प्रक्रिया है। गेम जीतने पर ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में पेमेंट मिल जाएगा। सिर्फ होशियारी मत कीजिएगा, नहीं तो इसका अंजाम बुरा होगा।' गेसिंग में शामिल अधिकतर युवा हैं गेसिंग में 18 से 51 साल तक के लोग दिखे। इसमें ज्यादातर युवा ही नजर आए। ठेला और रिक्शा चलाने वाले कई लोग इसमें शामिल होते हैं। ठेला चलाने वाले दीपक ने बताया कि 'साहब यहां पैसा डबल होता है। सब बोलते हैं, जितना लगाओगे, उससे डबल पाओगे, लेकिन आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ।





जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।

# ऐसे कीजिए प्रार्थना ईश्वर जल्द सुनेंगे

संसार में ऐसा कोई भी मनुष्य प्राणी नहीं होगा जो प्रार्थना न करता हो। अमीर, गरीब, छोटे, बड़े जो भी हैं, वे सभी प्रार्थना अवश्य करते हैं, मगर हममें से अधिकांश लोग दुःख की घड़ी में प्रार्थना ज्यादा करते हैं, इसलिए ही तो संत कबीर जी ने यह कहा है कि...

**दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करै न कोय।**
**जो सुख में सुमिरन करे दुख काहे को होय ॥**

वास्तव में देखा जाए तो ऐसा ही है, क्योंकि जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।

अनुभव के आधार परऐसा अनेक बार देखा गया है कि सच्चे हृदय से यदि भगवान की प्रार्थना की जाती है तो अपना इच्छित मनोरथ व कार्य जरूर पूरा होता है।

इसके पीछे का अध्यात्मिक रहस्य यह है कि प्रार्थना करने वाले को यह विश्वास रहता है कि परमात्मा ऐसा शक्तिशाली है कि वह आसानी से मेरी इच्छा को पूरा करेंगे ही। इसके साथ-साथ वह यह भी सोचता है कि मैं अपने अन्तःकरण का श्रेष्ठतम भाग, श्रद्धा, विश्वास, परमात्मा पर आरोपण करते हुए सच्चे हृदय से प्रार्थना कर रहा हूं।

इसलिए मेरी पुकार सुनी जाएगी। मनोचिकित्सकों के अनुसार कोई भी मनुष्य जब अपनी मानसिक स्थिति ऐसी बना ले कि मेरा मनोरथ सफल होने की पूरी आशा, पूरी संभावना है ही, तो अधिक मौकों पर उसके मनोरथ पूरे हो ही जाते हैं, क्योंकि आशा और संभावनामयी मनोदशा के कारण मनुष्य की शारीरिक और मानसिक शक्तियां असाधारण रूप से जाग उठती हैं जिसके फलस्वरूप सफलता का मार्ग बहुत आसान बनता जाता है और प्रायः वह प्राप्त भी हो जाता है।

परमात्मा की दृष्टि में सभी प्राणी एक समान हैं, अतः वे समदर्शी कहलाते हैं। किंतु उस समदर्शी को भी विवश होकर एक बार यह कहना पड़ा कि समदर्शी मोहि कह सबकोऊ। सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ ॥

अर्थात सभी मुझे समदर्शी कहते हैं, पर मुझे सेवक प्रिय हैं, क्योंकि वह अनन्य गति होता है। इसीप्रकार से विष्णु चतुर्भुज की प्रार्थना में जब भक्तयह कहते हैं कि

**अविनयमपनय विष्णो दमयमनशमय विषयमृगतृष्णाम।**
**भूतदयां विस्तारयतारय संसारसागरत**

तब उनकी यह प्रार्थना में कितनी श्रद्धा, विश्वास एवं नम्रता दिखती हैं। अब ऐसा कौन मनुष्य होगा जो इस नम्रता परन पिघल उठे? यह तो फिर उस महान विभूति के लिये प्रयुक्त है जो अपनी दयालुता के लिए दया सागर के नाम से विख्यात हैं।

इस प्रार्थना के बाद क्या कोई चिन्ता, दुःख द्वेषादि टिक सकते हैं? बिलकुल नहीं! गीता में प्रभु स्वयंजब यह गारंटी देते हैं कि जो मनुष्य एकमात्र मुझे लक्ष्य मान कर अनन्य-भाव से मेरा ही स्मरण करते हुए कर्तव्य-कर्म द्वारा पूजा करते हैं, जो सदैव निरन्तर मेरी भक्ति में लीनरहता है उस मनुष्य की सभी आवश्यकता और सुरक्षा की जिम्मेदारी मैं स्वयं निभाता हूं, तो फिर उसे न मानने की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें- यहां वहां हाथ फैलाने से बेहतर हैं की हम उस एक परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें और अपनी हर समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए केवल उस एक सर्व शक्तिमान के सामने अपना माथा टेकें। सच्चे हृदय से यदि ईश्वर की प्रार्थना की जाएतो भक्तों की हर इच्छा व मनोरथ वह जरूर पूरी करते हैं।



# बड़े ही विचित्र तरीके से हुआ था राधा का जन्म

पुराणों में वर्णित है कि एक बार गोलोक में किसी बात पर राधा और श्रीदामा नामक गोप में विवाद हो गया। श्रीराधा ने उस गोप को असुर योनि में जन्म लेने का श्राप दिया। तब उस गोप ने भी श्रीराधा को यह श्राप दिया कि आपको भी मानव योनि में जन्म लेना पड़ेगा। वहां गोकुल में श्रीहरि के ही अंश महायोगी रायाण नामक एक वैश्य होंगे। आपका छाया रूप उनके साथ रहेगा। भूतल पर लोग आपको रायाण की पत्नी ही समझेंगे, श्रीहरि के साथ कुछ समय आपका विछोह रहेगा। ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार जब भगवान विष्णु के श्रीकृष्ण अवतार का समय आया तो उन्होंने राधा से कहा कि तुम जल्द ही वृषभानु के घर जन्म लो। श्रीकृष्ण के कहने पर ही राधा ब्रज में वृषभानु वैश्य की कन्या हुई। राधा देवी अयोनिजा यानी माता के गर्भ से उत्पन्न नहीं हुई थीं उनकी माता ने गर्भ में वायु को धारण कर रखा था। उन्होंने योगमाया की प्रेरणा से वायु को ही जन्म दिया परंतु वहां स्वेच्छा से श्रीराधा प्रकट हो गई।



# तीर्थ यात्रा करते वक्त ध्यान रखनी चाहिए ये 5 बातें

**तीर्थ दर्शन की परंपरा काफी पुराने समय से चली आ रही है। मान्यता है कि तीर्थ यात्रा से जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही, अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यदि आप भी किसी तीर्थ स्थान पर जाना चाहते हैं तो यहां जानिए 5 ऐसी बातें जो यात्रा में ध्यान रखना चाहिए**

- तीर्थ क्षेत्र में जाने पर मनुष्य को स्नान, दान, जप आदि करना चाहिए। अन्यथा वह रोग एवं दोष का भागी होता है।
- अन्यत्र हिकृतं पापं तीर्थ मासाद्य नश्यति। तीर्थेषु यत्कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति। इस श्लोक का अर्थ यह है कि किसी दूसरी जगह किया हुआ पाप तीर्थ में जाने से नष्ट हो जाता है, लेकिन तीर्थ में किया हुआ पाप कभी नष्ट नहीं हो पाता है। अत: तीर्थ क्षेत्र में कोई अधार्मिक कर्म नहीं करना चाहिए।
- जब कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, भाई, परिजन अथवा गुरु को पुण्य फल दिलवाने के उद्देश्य से तीर्थ में स्नान करता है, तब स्नान करने वाले व्यक्ति को पुण्य फल का बारहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति दूसरों के धन से तीर्थ यात्रा करता है, उसे पुण्य का सोलहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति किसी दूसरे कार्य से तीर्थ में जाता है तो व्यक्ति को तीर्थ जाने का आधा पुण्य फल प्राप्त होता है।

# इस कारण स्त्रियां कभी नहीं फोड़ती है नारियल!

नारियल को श्रीफल के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है की जब भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लिया तो वे अपने साथ तीन चीजें- लक्ष्मी, नारियल का वृक्ष तथा कामधेनु लाए इसलिए नारियल के वृक्ष को श्रीफल भी कहा जाता है। श्री का अर्थ है लक्ष्मी अर्थात नारियल लक्ष्मी व विष्णु का फल। नारियल में त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। श्रीफल भगवान शिव का परम प्रिय फल है। मान्यता अनुसार नारियल में बनी तीन आंखों को त्रिनेत्र के रूप में देखा जाता है। श्रीफल खाने से शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। इष्ट को नारियल चढ़ाने से धन संबंधी समस्याएं दूर हो जाती हैं। भारतीय पूजन पद्धति में नारियल अर्थात श्रीफल का महत्वपूर्ण स्थान है। कोई भी वैदिक या दैविक पूजन प्रणाली श्रीफल के बलिदान के बिना अधूरी मानी जाती है। यह भी एक तथ्य है कि महिलाएं नारियल नहीं फोड़तीं। श्रीफल बीज रूप है, इसलिए इसे उत्पादन अर्थात प्रजनन का कारक माना जाता है। श्रीफल को प्रजनन क्षमता से जोड़ा गया है। स्त्रियों बीज रूप से ही शिशु को जन्म देती हैं और इसलिए नारी के लिए बीज रूपी नारियल को फोड़ना अशुभ माना गया है। देवी-देवताओं को श्रीफल चढ़ाने के बाद पुरुष ही इसे फोड़ते हैं। शनि की शांति हेतु नारियल के जल से शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने का शास्त्रीय विधान भी है। भारतीय वैदिक परंपरा अनुसार श्रीफल शुभ, समृद्धि, सम्मान, उन्नति और सौभाग्य का सूचक माना जाता है। किसी को सम्मान देने के लिए उनी शॉल के साथ श्रीफल भी भेंट किया जाता है। भारतीय सामाजिक रीति-रिवाजों में भी शुभ शगुन के तौर पर श्रीफल भेंट करने की परंपरा युगों से चली आ रही है। विवाह की सुनिश्चित करने हेतु अर्थात तिलक के समय श्रीफल भेंट किया जाता है। बिदाई के समय नारियल व धनराशि भेंट की जाती है। यहां तक की अंतिम संस्कार के समय भी चिता के साथ नारियल जलाए जाते हैं। वैदिक अनुष्ठानों में कर्मकांड में सूखे नारियल को वेदी में होम किया जाता है।



श्रीफल कैलोरी से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है। इसमें अनेक पोषक तत्व होते हैं। इसके कोमल तनों से जो रस निकलता है उसे नीरा कहते हैं उसे लज्जतदार पेय माना जाता है। सोते समय नारियल पानी पीने से नाड़ी संस्थान को बल मिलता है तथा नींद अच्छी आती है। इसके पानी में पोटेशियम और क्लोरीन होता है जो मां के दूध के समान होता है। जिन शिशुओं को दूध नही पचता उन्हें दूध के साथ नारियल पानी मिलाकर पिलाना चाहिए। डि-हाइड्रेशन होने पर नारियल पानी में नीबू मिलाकर पिया जाता है। इसकी गिरी खाने से कामशक्ति बढ़ती है। मिश्री संग खाने से गर्भवती स्त्री की शारीरिक दुर्बलता दूर होती है तथा बच्चा सुंदर होता है।

# घर के नजदीक हो ये पेड़-पौधे तो अवश्य करें पूजा होते हैं ढेरों लाभ

**प्राचीनकाल से सनातन संस्कृति में पेड़-पौधों का पूजन होता आया है। ज्योतिष और वास्तु विद्वान भी मानते हैं की इनके पूजन करने से जीवन में आ रही बहुत सारी बाधाओं से मुक्ति पाई जा सकती है। कुछ ऐसे पेड़-पौधे होते हैं, जिन्हें घर में अवश्य रोपित करना चाहिए। यदि आपके घर में स्थान न हो तो आसपास भी ये दिखें तो अवश्य इनका पूजन करें। इससे आपको ढेरों लाभ प्राप्त होंगे।**

## तुलसी



विष्णु प्रिया हर हिंदू घर में विराजित होनी चाहिए। यदि आपके घर में नहीं हैं तो आज ही ले आएं। सुबह-शाम इन्हें जल अर्पित कर दीपदान करना चाहिए। जिस घर में ऐसा होता है वहां कभी किसी चीज का अभाव नहीं रहता।

## पीपल



इस पेड़ को घर में नही लगाना चाहिए और न ही इसकी छाया आपके आशियाने पर पड़नी चाहिए। घर से थोड़ी दूरी पर रोपित इस पेड़ का पूजन अवश्य करें। पीपल को जल से सींचने पर सभी पापों का जहां नाश हो जाता है वहीं पितर भी प्रसन्न होकर जीव पर कृपा करते हैं।

## बिल्व



भगवान शिव के प्रिय बिल्व वृक्ष को काटने से वंश का अंश समाप्त हो जाता है और उसे लगाने से वंश में वृद्धि होती है। बिल्व पत्र के अभाव में शिव पूजा अधूरी रहती है। नौकरी में प्रमोशन पानी हो या दुख-दर्द से छुटकारा, करें इस पेड़ की पूजा।

## केला

घर में केले का पेड़ ईशान कोण में लगाने से धन वृद्धि होती है। यदि इसके साथ तुलसी का पौधा भी रोपित कर दिया जाए तो घर-परिवार पर श्रीविष्णु-लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहती है।

## बरगद

बरगद का पूजन करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि सदा बनी रहती है।

## आंवला

प्रतिदिन इसका पूजन करने से जाने-अनजाने किए गए पापों से मुक्ति मिलती है।

## शमी

घर में शमी का पेड़ लगाने से दैवीय कृपा बनी रहती है।

## अशोक

ये पेड़ जीवन से हर शोक का नाश करता है। जो लोग प्रतिदिन अशोक के पेड़ पर जल अर्पित करते हैं उन पर दैविय कृपा बनी रहती है। उन्हें बीमारी, दुख, अशान्ति जैसी चिंताएं छू भी नही पाती।



# भारत ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को 6 विकेट से हराया

**कैनबरा (एजेंसी)।** हर्षित राणा के (चार विकेट) के बाद शुभमन गिल (रिटायर्ड नाबाद 50), यशस्वी जायसवाल (45), नीतीश कुमार रेड्डी (42) रनों की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को मनुका ओवल में गुलाबी से खेले गए अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को छह विकेट से हरा दिया।

241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। इसी दौरान केएल राहुल (नाबाद 27) रन पर रिटायर्ड हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शुभमन गिल ने जायसवाल के साथ पारी को संभाला। 17वें ओवर में चार्ली एंडरसन ने यशस्वी जायसवाल (45) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई।

कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर विफल रहे और तीन रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल (नाबाद 50) रन बनाकर रिटायर्ड हुये। नीतीश कुमार रेड्डी ने (42) रनों की पारी खेली। रवींद्र जाडेजा (27) और सरफराज खान (एक) रन बनाकर आउट हुये। वॉशिंगटन सुंदर (37) रन बनाकर और देवदत्त पड़िक्कल (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 46 ओवर में पांच विकेटपर 256 रन बनाये। भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीता।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश की ओर से चार्ली एंडरसन ने दो विकेट लिए। लॉयड पोप, मैट रेनशॉ और जैक क्लेटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज भारतीय टीम ने आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

मोहम्मद सिराज ने भारत को पहली सफलता मैट रेनशॉ को आउट कर दिलाई। इस दौरन बीच में बारिश के कारण कुछ देर खेल रूका रहा। दोबारा खेल शुरु होने पर आकाश दीप ने जेडन गुडबिन (चार) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच आउट करवाया। इसके बाद जैक क्लेटन ने सैम कॉन्स्टास के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 109 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में हर्षित राणा ने एक ओवर में ऑस्ट्रेलिया को दो झटके दिए।

हर्षित ने पहले जैक क्लेटन (40) को बोल्ड आउट किया उसके बाद ऑलिवर डेविस (शून्य) बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान जेक एडवर्ड्स (एक)और सैम हार्पर (शून्य) भी हर्षित का शिकार बने। हैनो जेकब्स (60) को वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। आठवें विकेट के रूप में सैम कॉन्स्टास (107) रन पर आउट हुये। उन्हें आकाशदीप ने सैनी के हाथों कैच आउट कराया। जैक निस्बेट (11) और



एडन ओ%कॉनर (चार) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश 43.2 ओवर में 240 पर सिमट गई। भारत की ओर से हर्षित राणा ने चार, आकाश दीप ने दो, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा,वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# आईपीएल में ऋषभ , श्रेयस और वेंकटेश पर रहेंगी नजरें



**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले तीन सत्र में आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमतों में बिकने वाले खिलाड़ी असफल रहे हैं। ऐसे में साल 2025 सत्र के लिए बिके सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत के अलावा श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की भी इस बार आईपीएल में कड़ी परीक्षा होगी। ऋषभ नीलामी में सबसे अधिक 27 करोड़ जबकि श्रेयस 26.75 करोड़ और वेंकटेश 23.75 करोड़ में बिकने के साथ ही दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे। पिछले तीन सत्र की बात करें तो 153 करोड़ रुपए की कीमत वाले 9 खिलाड़ियों की तुलना में सस्ते खिलाड़ी अधिक सफल रहे जबकि उनकी कुल कीमत 3.35 करोड़ रुपए थी।

पिछले सत्र में मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ मिले थे और उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से- 14 पारी में 26.12 के औसत से 17 विकेट लिए जबकि पैट कमिंस को 20.5 करोड़ मिले थे और उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से 18 विकेट लिए। फाइनल में पहुंचाया। वहीं डैरिल मिचेल = 14 करोड़ मिले और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 13 मैच में 70 के औसत से 1 विकेट ही लिया। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के शशांक सिंह को 20 लाख मिले और उन्होंने पंजाब किंग्स की ओर से 44.25 के औसत के साथ 354 रन बनाये।स्टब्स को 50 लाख मिले ओर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से 13 पारी में 191 के औसत से 378 रन बनाये जबकि रमनदीप 20 लाख में बिके और उन्होंने फिनिशर के तौर पर काफी अच्छा काम किया। वहीं 2023 और 2022 सत्र में भी करोड़ा की राशि हासिल करने वाले असफल रहे जबकि लाखों पाने वालों ने कमाल किया।

# जय शाह ने आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला



**दुबई (एजेंसी)।** जय शाह ने 1 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नये अध्यक्ष के रूप में अपनी पद संभाल लिया। जय शाह ने ग्रेग बार्कले की जगह ली है। बाकले नवंबर 2020 से इस पद पर थे। आईसीस प्रमुख के रूप में अपने अपने संबोधन में शाह ने कहा कि लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओर्लपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने और महिलाओं के खेल के विकास को प्राथमिकता देने पर वह ध्यान देंगे।

शाह ने कहा, आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है । आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए मैं आभारी हूं। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम ओर्लपिक ओर्लपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम कई प्रारूपों के एक साथ होने से आ रही परेशानद और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता पर काम कर रहे हैं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर आये जाने की अपार संभावनाएं है, और मैं इन अवसरों का लाभ उठाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

शाह ने साल 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से अपना कामकाज शुरू किया था। वहीं साल 2019 में वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सबसे कम उम्र के मानद सचिव बने। शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष भी रहे है। इसके अलावा उन्होंने आईसीसीसी की वित्त और वाणिज्यिक मामलों की समिति की अध्यक्षता की। शाह ने पिछले चार वर्षों में अपने योगदान को मान्यता देते हुए निवर्तमान आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का आभार व्यक्त किया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में आठ विकेट से दी शिकस्त



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** हैरी ब्रूक (171) ब्राइडन कार्स (छह विकेट) और जेकब बेथेल (नाबाद 50) रनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में रविवार को न्यूजीलैंड को आठ विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड की टीम ने महज 12.4 ओवर में दो विकेट पर 104 रन के लक्ष्य को हासिल कर यह जीत दर्ज की। चौथे दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की पूरी टीम 254 रन पर समेट दिया था। डैरिल मिचेल (84), केन विलियमसन (61) रनों की पारी खेली। रचिन रविंद्र (24), नेथन स्मिथ (21) और ग्लेन फिलिप्स (19) रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद इंग्लैंड को जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य मिला था। जिसे उसने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने 19.1 ओवर में 42 रन देकर छह विकेट लिये। क्रिस वोक्स को तीन विकेट मिले। गस ऐटकिंसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से अधिक रनों के लक्ष्य को हासिल करने का विश्व रिकार्ड भी बना लिया है। इंग्लैंड के लिए जहां हैरी ब्रूक ने (171) रनों की शानदार शतकीय पारी खेली वहीं ब्रायडन कार्स ने पूरे मैच में 10 विकेट झटके। उन्होंने पहले पारी में 19 ओवर में 64 रन देकर चार विकेट लिए।

वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 19.1 ओवर में 42 रन देकर छह विकेट झटके। उन्हें बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में केन विलियमसन (93), कप्तान टॉम लेथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 58) की शानदार पारियों की मदद से 348 रन बनाये थे। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में हैरी ब्रूक (171), बेन स्टोक्स (80), गस ऐटकिंसन (48) और बेन डकेट (46) की बेहतरीन पारियों की मदद से499 का स्कोर खड़ा कर पहली पारी के आधार पर 151 रनों की बढ़त ली थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने चार, नेथन स्मिथ तीन, टिम साउदी दो और विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया था। इंग्लैंड ने इस जीत के साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को मिला फायदा

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल की रेस फिलहाल पांच टीमों के बीच जंग है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड WTC फाइनल के सबसे बड़े दावेदार हैं। इंग्लैंड के हाथों मिली हार से न्यूजीलैंड को टेबल में रैंकिंग पर कोई नुकसान नहीं हुआ, न्यूजीलैंड चार नंबर पर ही बरकरार रही। वहीं टीम इंडिया को इससे बड़ा फायदा हो सकता है। हाल ही में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में हराकर प्वॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया था। वहीं साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर सीधे नंबर 2 पर है। जबकि नंबर 3 पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है।

# सूर्यकुमार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलेंगे

हैदराबाद । भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने की संभावनाएं हैं। सूर्यकुमार मंगलवार से मुंबई की ओर से आंध्र के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के शेष मैचों में उतरेंगे ।इसके बाद वह 21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेल सकते हैं। सूर्यकुमार सोमवार को हैदराबाद में मुंबई की टीम से जुड़ेंगे और उनके अगले ही दिन मैच में भी खेलने की उम्मीद है ।ग्रुप ई में चौथे स्थान पर काबिज मुंबई ने अब तक अपने तीन मैचों में से दो जीते हैं और रविवार को नागालैंड के खिलाफ होने वाले मैच के बाद उनके पास दो लीग मैच शेष हैं। इस टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या, श्रेयस, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, वरुण चक्रवर्ती और अन्य खिलाड़ी भी खेल रहे है । दक्षिण अफीका रवाना होने से पहले सूर्यकुमार ने अक्टूबर में रणजी ट्रॉफी का एक दौर भी खेला था। सूर्यकुमार इस टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेंगे ।



## रूट ने तेंदुलकर का एक रिकार्ड तोड़ा



क्राइस्टचर्च । इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की चौथी पारी में 22 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब रुट चौथी पारी में ज्यादा रन बनाने के मामले में भारतीय टीम के महान बल्लेबाज तेंदुलकर से भी आगे निकल गये हैं। रूट के अब चौथी पारी में 1630 रन हो गये हैं जबकि तेंदुलकर के नाम 1625 रन ही हैं ।इससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पिछले महीने रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ा था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि केवल 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की जबकि कुक ने 161 टेस्ट और 291 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रूट से आगे अब रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं ।इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाकर शतकों के मामले में कुक का रिकार्ड तोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किये थे।

# अपने भविष्य को लेकर अभी कुछ नहीं कह सकता : मेसी

**-राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने में खुशी होती है**

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने कहा है कि मैंने अभी तक अपने भविष्य और संन्यास को लेकर कुछ तय नहीं किया है, इसलिए इस मामले में कुछ नहीं कह सकता। फीफा विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में बोलिविया के खिलाफ अपनी टीम की 6-0 की जीत में मेसी की अहम भूमिका रही है। मेसी ने इस मैच में अर्जेंटीना की ओर से 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक लगायी। इस दौरान मेसी ने कहा कि जब भी वह राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होती है। मेसी ने कहा, यहां आकर हमारे लिए लोगों का समर्थन महसूस करके बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से लोग मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। हम सभी लोगों के साथ जुड़ाव का आनंद लेते हैं और हमें अर्जेंटीना में खेलना बहुत पसंद है। हम इस जीत से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने भविष्य के लिए कोई तिथि या समय सीमा तय नहीं की है, मैं बस इसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं यहां आकर और लोगों का प्यार महसूस करके पहले से कहीं अधिक उत्साहित हूं, क्योंकि मुझे पता है कि ये मेरे आखिरी खेल हो सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं क्लब में साल का अंत अच्छे से करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लूंगा और फिर हर दिन का आनंद ले पाऊंगा।

मेसी अपने देश की ओर से शीर्ष स्कोरर भी बन गए हैं, जिन्होंने 189 मैचों में 112 गोल किए हैं। सीनियर टीम की ओर से उन्होंने पहला गोल 1 मार्च, 2006 को बेसल में क्रोएशिया के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में किया था। अर्जेंटीना फुटबॉल वेबसाइट के अनुसार, नेशनल टीम के लिए उनके आधे से अधिक गोल आधिकारिक थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन में 34, कोपा अमेरिका में 17 और विश्व कप में 13 और अर्जेंटीना वह देश था जहां उन्होंने सबसे अधिक गोल 34 किए।



# शमी की फिटनेस और प्रदर्शन की समीक्षा कर रहा बीसीसीआई



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी बंगाल की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रहे हैं। शमी को राष्ट्रीय टीम में जगह देने से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी फिटनेस को लेकर आश्वस्त होना चाहता है। चोट के बाद वापसी कर रहे शमी की फिटनेस और प्रदर्शन की समीक्षा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पदर्शन के आधार पर होगी। राष्ट्रीय चयनकर्ता और बीसीसीआई की स्पोर्ट्स साइंस टीम उनकी फिटनेस का गहरानी से निरीक्षण कर रही है। स्पोर्ट्स साइंस विभाग के प्रमुख नितिन पटेल और चयनकर्ता एसएस दास राजकोट में शमी के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। शमी को टीम में शामिल करने से पहले बीसीसीआई पक्का करना चाहता है कि वह टेस्ट क्रिकेट की मांगों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हों। इस दौरान शमी के दैनिक वर्कलोड, प्री-मैच और पोस्ट-मैच स्थिति पर नजर रखी जा रही है। शमी ने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें उनका प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। उन्होंने पंजाब के खिलाफ 1/46, हैदराबाद के खिलाफ 3/21, मिजोरम के खिलाफ 0/46 और मध्य प्रदेश के खिलाफ 0/38 का प्रदर्शन किया। फिटनेस के लिहाज से वह इन मुकाबलों में बेहतर नजर आए हैं। इससे पहले उन्होंने रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलते हुए 7 विकेट हासिल किए थे। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन शमी की प्रगति पर नियमित अपडेट ले रहा है। चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह ने शमी को टीम का अहम हिस्सा बताया है। बुमराह ने कहा, शमी हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। प्रबंधन उनकी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है, और उम्मीद है कि वह जल्द टीम के साथ जुड़ सकते हैं। शमी के आगे के प्रदर्शन को देखते हुए बीसीसीआई उनका आंकलन करेगा।

# आईपीएल ऑक्शन के सबसे युवा खिलाड़ी पाक के खिलाफ फ्लॉप

दुबई । आईपीएल ऑक्शन 2024 में सबसे युवा खिलाड़ी के रूप में इतिहास बनाने वाले 13 साल के वैभव सूर्यवंशी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलने के बाद फ्लॉप साबित हुए । भारत के अंडर- 19 टीम के बाएं हाथ के ओपनर सूर्यवंशी पाकिस्तान के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हो गए । यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था, जहां पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 281 रन बनाए थे । सूर्यवंशी को अपनी पारी के दौरान अली रजा की तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा, जो एक एंगल बॉल थी । गेंद सूर्यवंशी के बल्ले का मोटा किनारा लेकर विकेटकीपर साद बेग के हाथों में समा गई। इससे पहले, भारत की शुरुआत काफी खराब रही थी। आयुष म्हात्रे भी महज 20 रन बनाकर आउट हो गए थे।



वैभव सूर्यवंशी, जो बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले हैं, को राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था, जबकि उनका बेस प्राइस सिर्फ 30 लाख था । इस आईपीएल डील के बाद से उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें थी, खासकर एशिया कप के इस महत्वपूर्ण मैच में। सूर्यवंशी ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय अंडर-19 टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंचुरी भी बनाई थी, लेकिन एशिया कप में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा । इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शाजेब खान के विस्फोटक 159 रन की पारी के दम पर भारत के सामने 282 रन का लक्ष्य रखा । भारतीय टीम ने जवाब में संघर्ष किया, लेकिन उनकी शुरुआत कमजोर रही । हालांकि, भारत अंडर- 19 एशिया कप की सबसे मजबूत टीम मानी जाती है, क्योंकि उसने इस टूर्नामेंट में अब तक 8 बार ट्रॉफी जीती है । भारत की टीम इस बार फेवरेट मानी जा रही थी, लेकिन पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में हारने के बाद यह देखा जाएगा कि क्या वे फिर से खिताब हासिल कर पाते हैं या नहीं ।

# त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन में महिला युगल खिताब जीता

**लखनऊ (एजेंसी)** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने रविवार को यहां सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में बाओ ली जिंग और ली कियान की चीन की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर अपना पहला सुपर 300 खिताब जीता। चीन में सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी त्रीसा और गायत्री ने चीन की प्रतिद्वंद्वियों को महज 40 मिनट में 21-18, 21-11 से मात दी।

राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता जोड़ी के लिए यह जीत ऐतिहासिक है क्योंकि त्रीसा और गायत्री इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बन गईं। यह जोड़ी 2022 चरण में उपविजेता रही थी। भारतीय जोड़ी ने मजबूत शुरुआत की और शुरुआती गेम में 4-0 की बढ़त बना ली। हालांकि बाओ और ली ने वापसी की और 14-14 से मुकाबला काफी करीबी हो गया। चीन की खिलाड़ियों की गलतियों ने भारतीयों को 17-15 से आगे कर दिया।

गायत्री के नेट पर फुर्तीले शॉट से भारतीय जोड़ी को दो गेम प्वाइंट हासिल करने में मदद मिली और उन्होंने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में त्रीसा और गायत्री ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीयों ने लगातार शानदार रैलियों से अंतर 18-7 तक बढ़ा दिया। गायत्री के ताकतवर स्मैश से उन्हें 11 मैच प्वाइंट दिलाए और भारतीय जोड़ी ने खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उप विजेता के तौर पर समाप्त किया।

पृथ्वी और साइ ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले पांचवी वरीयता प्राप्त तनीषा और ध्रुव की जोड़ी एक गेम की बढ़त गंवाकर मिश्रित युगल के फाइनल में थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिसारा पाएवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18 14-21 8-21 से पराजित हो गई। पृथ्वी और साई ने पहले गेम में 8-8 की बराबरी हासिल की हुई थी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में वापसी करते हुए भारतीयों ने ब्रेक तक 11-7 से बढ़त बना ली और यह गेम हासिल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने साई के ताकतवर स्मैश की बदौलत 1-5 से उबरते हुए 7-7 से बराबरी प्राप्त की। लेकिन 17-18 का अंतर कम करने के बावजूद चीन की जोड़ी ने संयम बरतते हुए मैच जीत लिया। मिश्रित युगल के फाइनल में तनीषा और ध्रुव 6-0 से आगे थे। पर थाईलैंड की जोड़ी ने



वापसी करते हुए बढ़त 14-12 कर दी। दोनों जोड़ियां फिर 18-18 से बराबर थीं।

तनीषा ने अहम मौके पर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाया और पहला गेम भारतीयों की झोली में चला गया। दूसरे गेम में डेचापोल और सुपिसारा ने वापसी करते हुए 11-6 की बढ़त बना ली और मैच निर्णायक गेम तक ले गईं। तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए थाईलैंड की जोड़ी ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाने में कामयाब हो गई और फिर मुकाबला जीत लिया।

# दूरदर्शन ने हॉकी इंडिया लीग के साथ किया साझेदारी, 28 दिसंबर से प्रसारण शुरू होगा

नई दिल्ली । भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन (डीडी) ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है, ताकि देशभर के लाखों दर्शकों तक इस रोमांचक टूर्नामेंट का प्रसारण किया जा सके । यह साझेदारी खास है क्योंकि इस बार की लीग महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक होगी । एचआईएल 28 दिसंबर से शुरू होगा, और यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के एक ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनेगा । इस साल के संस्करण में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत और दुनिया भर के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे । महिला हॉकी इंडिया लीग को शामिल करना हॉकी इंडिया की लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह महिला हॉकी को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने का भी संकेत है। प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने इस साझेदारी के महत्व को बताया, हमें गर्व है कि प्रसार भारती हॉकी इंडिया लीग के साथ जुड़ा है। यह मंच हमारे राष्ट्रीय खेल का जश्न मनाता है और विभिन्न श्रेणियों के दर्शकों को जोड़ता है। हमारा उद्देश्य हॉकी की रोमांचक भावना को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाना है, जिसमें महिला एचआईएल का ऐतिहासिक डेब्यू भी शामिल है। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा, भारतीय हॉकी का स्वर्ण युग वापस आ रहा है, जैसा कि टोक्यो और पेरिस ओलपिक में लगातार दो पदक जीतने से स्पष्ट है।

## 1207.5 करोड़ रुपए में होगी युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य की मरम्मत

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य की छोटी मरम्मत और इसे सूखे बंदरगाह पर लाने जैसी गतिविधियों के लिए रक्षा मंत्रालय ने एमएस कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ कुल 1207.5 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि मरम्मत का यह कार्य पूरा होने के बाद विक्रमादित्य उन्नत युद्धक क्षमताओं के साथ नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हो जाएगा। मूलरूप से रूस ने इसका निर्माण किया है और इसे वर्ष 2013 में नौसेना के जंगी बेड़े में कमीशन किया गया था। मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को मरम्मत, रखरखाव और ओवरहाल (एमआरओ) के क्षेत्र में एक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। जो देश के औद्योगिक तंत्र को भी सहयोग करेगा। समझौते की मदद से देश में बड़े पैमाने पर नए रोजगारों का सृजन होगा। क्योंकि विक्रमादित्य की मरम्मत और सूखे बंदरगाह पर आने की गतिविधि में कुल करीब 50 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) शामिल होंगे। जिससे साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। परियोजना से केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियान को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर, हथियार बरामद

### -इसी हफ्ते बस्तर दौरे पर आने वाले हैं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में गृहमंत्री अमित शाह का दौरा होने वाला है। इस कुछ दिन पहले ही जवानों ने एक मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी हासिल की है। बता दें गृहमंत्री अमित शाह में नक्सली मुक्त राज्य की बात करते रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर ग्रेहाउंड्स फोर्स ने महिला नक्सली समेत सात नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जवानों ने मौके से एके-47 समेत अन्य आधुनिक हथियार बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि सुबह से दोनों और से गोलीबारी हो रही थी। यह मुठभेड़ तेलंगाना के मुलुगु जिले के ईटूनगरम थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे, लेकिन साजिश का पता चलते ही जवानों को मुठभेड़ में उन्हें ढेर कर दिया। इस हफ्ते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बस्तर दौरे पर आने वाले हैं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान हो गई है। इनमें तेलंगाना स्टेट कमेटी मेंबर, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर और पार्टी के दो मेंबर शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव अपने कब्जे में ले लिए हैं। प्रदेश में इस साल 207 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं।

## शिर्डी के साईबाबा के लड्डू प्रसाद से करोड़ों का कारोबार

शिर्डी। शिर्डी के साईबाबा के दर्शन के बाद भक्तों को लड्डू का प्रसाद निःशुल्क मिलता है, लेकिन अधिक लड्डू के लिए संस्थान ने अब आठ सशुल्क काउंटर शुरू किए हैं और वहां से करोड़ों का कारोबार हो रहा है। मालूम हो कि श्री साईं बाबा के दर्शन के लिए करोड़ों भक्त शिरडी आते हैं। बाबा की समाधि के दर्शन के बाद भक्तों को निःशुल्क लड्डू दी जाती है। लेकिन मुफ्त प्रसाद सीमित है। यदि आप अधिक प्रसाद चाहते हैं तो आपको शुल्क



देना होगा। 100 ग्राम वजन के प्रसाद के लड्डू गुणवत्तापूर्ण शुद्ध घी, बेसन, काजू, किशमिश और इलायची से तैयार किए जाते हैं। यह प्रसाद 10 रुपये शुल्क लेकर भक्तों को दिया जाता है। आठ पेड काउंटरों से प्रतिदिन 50 हजार लड्डू पैकेट की बिक्री हो रही है। इसके अलावा भक्त जितने भी लड्डू मांगते हैं, काउंटर से ये प्रसाद दिया जाता है। प्रसाद के लड्डुओं की बिक्री से प्रति माह 15 लाख और प्रति वर्ष दो करोड़ से अधिक का टर्नओवर होता है। शिरडी आने वाले साईं भक्तों के लिए संस्थान की ओर से आवास, भोजन के साथ-साथ स्वास्थ्य और चाय की भी व्यवस्था की जाती है। साईं आश्रम, धर्मशाला, द्वावारती, एक हजार और 500 कमरों से साईं समाधि मंदिर और भोजनालय तक बस सुविधा भी प्रदान की जाती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर सहित लगभग 4000 कर्मचारी लगातार 24 घंटे भक्तों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

## तेलंगाना में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

### - जंगल में मुठभेड़ के दौरान मारे गए 7 नक्सली

हैदराबाद । तेलंगाना के मुलुगु जिले के जंगलों में रविवार को पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें सात माओवादी मारे गए हैं। यह घटना इलाके के जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान हुई। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर जांच-पड़ताल की जा रही है। तेलंगाना पुलिस की विशेष एंटी-नक्सल फोर्स ग्रेहाउंड्स ने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान पुलिस का सामना सशस्त्र माओवादियों से हो गया। पुलिस के अनुसार, माओवादियों ने फोर्स पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। इस दौरान हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गए। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में तेलंगाना राज्य समिति (येल्लंडु-नरसंपेट) के सचिव और प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के नेता कुर्सम मंगू उर्फ भद्रू भी शामिल हैं। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो एके-47 राइफल सहित कई हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि माओवादी समूह राज्य में हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर इनकी लोकेशन का पता चला था, जिसके बाद यह अभियान चलाया गया।

# कांग्रेस लिखकर दे तो असम में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं : हिमंत विश्व शर्मा



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन कुमार बोरा उन्हें पत्र लिखकर गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करें तो वह ऐसा करने के लिए तैयार हैं। मुस्लिम बहुल सामगुड़ी विधानसभा सीट पर हुआ उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा पर लगे गोमांस वितरित करने के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि कांग्रेस ने इस मामले को उठाया। इस सीट पर पहले लगातार पांच बार कांग्रेस को जीत मिली थी।

शर्मा ने शनिवार को यहां भाजपा की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, ''सामगुड़ी सीट 25 साल तक कांग्रेस के पास रही। सामगुड़ी जैसे निर्वाचन क्षेत्र में 27,000 मतों के अंतर से हारना कांग्रेस के इतिहास की सबसे बड़ी शर्म की बात है। यह भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार है।'' पिछले महीने हुए उपचुनाव में भाजपा के दिप्लू रंजन शर्मा ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन के बेटे तंजील को 24,501 मतों के अंतर से हराया था। सांसद की कथित टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''दुख के बीच रकीबुल हुसैन ने एक अच्छी बात कही कि गोमांस खाना गलत है, है न?

उन्होंने कहा है कि मतदाताओं को गोमांस परोसकर कांग्रेस-भाजपा का चुनाव जीतना गलत है।'' शर्मा ने सवाल किया, ''मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीत रही थी। वह सामगुड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस की पेशकश करके सामगुड़ी जीता जा सकता है?'' शर्मा ने कहा, ''मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गोमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि यह गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है कि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को गोमांस के बारे में बोलना चाहिए, बल्कि असम में इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। अगर हम ऐसा करते हैं, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हुसैन के बयान की पृष्ठभूमि में गोमांस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का रुख जानने के लिए उन्हें पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं भूपेन बोरा को पत्र लिखकर पूछूंगा कि क्या वह भी रकीबुल हुसैन की तरह गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करते हैं, और अगर ऐसा है तो मुझे बता दें। मैं गोमांस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दूंगा।÷ शर्मा ने कहा, ''मुझे खुशी है कि रकीबुल हुसैन ने यह बयान दिया है, क्योंकि कम से कम एक कदम तो उठाया गया है। अब दूसरा कदम भूपेन बोरा को उठाना चाहिए।'' असम में गोमांस का सेवन गैरकानूनी नहीं है, लेकिन असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के तहत हिंदू, जैन और सिखों की बहुसंख्या वाले क्षेत्रों तथा किसी मंदिर या सत्र (वैष्णव मठ) के पांच किलोमीटर के दायरे में मवेशी वध और गोमांस की बिक्री पर प्रतिबंध है।

## पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिए बीएसएफ ने जम्मू में दो और बटालियन तैनात कीं

नयी दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान सीमा से घुसपैठ को बेहतर ढंग से रोकने और क्षेत्र में हाल में बढ़ी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जम्मू क्षेत्र में 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नयी बटालियन तैनात की हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि इन बटालियन के जवानों को पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की तैनाती वाले स्थान के ठीक पीछे ''रक्षा की दूसरी पंक्ति'' के रूप में तैनात किया गया है। बल की इन दो बटालियन को हाल में ओडिशा के नक्सल-रोधी अभियान क्षेत्र से हटा लिया गया था और अब इन्हें पूरी तरह से जम्मू क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह कार्य सर्दियों के शुरू होने से पहले पूरा किया जाना था, जब पाकिस्तान से होने वाली घुसपैठ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सूत्रों ने बताया कि नयी इकाइयों के कर्मियों को सांबा क्षेत्र, जम्मू क्षेत्र के कुछ अन्य संवेदनशील इलाकों और जम्मू से लगती पंजाब सीमा पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस अनेक तैनाती बिंदु बनाए गए हैं। बीएसएफ भारत के पश्चिमी भाग में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरने वाली 2,289 किलोमीटर से अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है। जम्मू क्षेत्र में इस सीमा का 485 किलोमीटर हिस्सा है, जो घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन बीएसएफ बटालियन तैनात हैं।

## कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पर लगाए गंभीर आरोप, कहा मस्जिद-मंदिर विवादों को जस्टिस चंद्रचूड़ ने दिया बढ़ावा



इंफाल (एजेंसी)। नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व सीजेआई के रिटायर होने के बाद कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने उनपर हमला बोला है। शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत का कहना है कि चाहे अजमेर हो या उत्तर प्रदेश का संभल, सीजेआई चंद्रचूड़ देश में आग लगाने के बाद रिटायर हुए हैं। आज देश की जो हालत है उसके लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। जस्टिस चंद्रचूड़ को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि 20 मई 2022 को चंद्रचूड़ साहब ने मौखिक टिप्पणी की और उससे भानुमती का पिटारा, पैंडोरा बॉक्स खुल गया। भाजपा इसका पूरा राजनीतिक फायदा उठा रही है। हर जगह सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा रहा है।

संजय राउत ने मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जहां उन्होंने पूर्व सीजेआई को न सिर्फ मंदिर-मस्जिद विवाद के लिए जिम्मेदार बताया, बल्कि महाराष्ट्र में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के लिए भी आरोपी बताया। राउत ने कहा- सरकार बनाने के लिए अभी तक राज्यपाल से कोई नहीं मिला है। इन सबके लिए जस्टिस चंद्रचूड़ जिम्मेदार हैं उधर, जयराम रमेश ने भी कहा- 20 मई 2022 को पूर्व सीजेआई की टिप्पणी ने इस तरह की याचिकाओं का रास्ता साफ किया है। उन्होंने कहा था कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट किसी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र का पता लगाने पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। दरअसल, यह एक्ट प्राचीन धार्मिक स्थल के स्वरूप को बदलने पर रोक लगाता है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के मुताबिक- पूजा स्थल उसी रूप में संरक्षित किया जाएगा, जिस रूप में वह 15 अगस्त 1947 को था। अगर यह साबित भी हो जाता है कि उसे किसी दूसरे धर्म के उपासना स्थल को तोड़कर बनाया गया है, तब भी उसके स्वरूप को बदला नहीं जा सकता।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा का विपक्ष पर तंज, 'देश बदल चुका है, बस तुम्हारा स्टेटस नहीं बदला'



इंदौर (मध्यप्रदेश) (एजेंसी)। । केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में देश बदल चुका है लेकिन विपक्षी दलों का 'विपक्ष का दर्जा' अब तक नहीं बदला। नड्डा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। उन्होंने विश्व एड्स दिवस पर इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान कहा, ''मैं आज राजनीति नहीं करना चाहता हूं लेकिन कई लोग बोलते हैं कि देश में कुछ भी नहीं बदला है। मैं उन्हें बस इतना बोलता हूं कि तुम्हारा स्टेटस (दर्जा) नहीं बदला, बाकी सब बदल गया है। तुम विपक्ष के विपक्ष में ही रहे और ऐसे रहोगे, तो आगे भी ऐसे ही रहोगे।'

नड्डा ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ भारत के सफल अभियान का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में चिकित्सा के अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'यह किसी को दिखाई दे जाए कि देश कैसे बदलता है, तो बहुत अच्छी बात है। मैं कई बार बोलता हूं कि मैं आपकी देखने की क्षमता में सुधार तो कर सकता हूं पर आपको नजरिया नहीं दे सकता। अब किसी में नजरिया ही ना हो, तो मैं क्या करूं? नड्डा ने यह भी कहा कि नजरिये के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा, ''भारत में टिटनेस की दवा आने में 40 वर्ष, टीबी की दवा आने में 20 से 25 वर्ष, डिप्थीरिया की दवा आने में 20 वर्ष और जापानी इन्सेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) की दवा आने में 100 साल लग गए थे।

## पोप फ्रांसिस ने संत श्री नारायण गुरु की सराहना की, उनका संदेश आज प्रासंगिक

तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)। दुनिया के शीर्ष ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने भारत के संत श्री नारायण गुरु की सराहना कर उनके संदेश को पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक बताया है। पोप फ्रांसिस ने कहा कि नारायण गुरु का समाज सुधारक का संदेश 'आज की हमारी दुनिया के लिए प्रासंगिक है, जहां हमें लोगों और देशों के बीच असहिष्णुता और नफरत बढ़ने के उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। एर्नाकुलम जिले के अलुवा में श्री नारायण गुरु के सर्व-धर्म सम्मेलन के शताब्दी समारोह के मौके पर वेटिकन में जुटे धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों को संबोधित कर पोप ने यह बात कही। पोप ने कहा कि आज दुनिया में जो अशांति का माहौल है उसके लिए धर्मों की शिक्षाओं को न अपनाना भी जिम्मेदार है। पोप ने कहा कि गुरु ने अपने संदेश में कहा था कि सभी मनुष्य, चाहे उनकी जाति, धर्म और सांस्कृतिक परंपराएं कोई भी हों, एक ही मानव परिवार के सदस्य हैं। पोप ने कहा, 'उन्होंने इस पर जोर दिया कि किसी भी तरह से और किसी भी स्तर पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'दुख की बात है कि कई समुदायों और लोगों को नस्ल, रंग, भाषा और धर्म के आधार पर रोजाना भेदभाव झेलना पड़ रहा है। खासकर ऐसा उन लोगों और समुदाय के साथ हो रहा है जो गरीब और कमजोर तबके से जुड़े हैं। पोप ने कहा, 'धर्मों की महान शिक्षाओं को नहीं अपनाना दुनिया में अशांति के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक है।' नारायण गुरु को भारत के उन महान संतों में शुमार किया जाता है, जिन्होंने समानता का संदेश दिया। 22 अगस्त, 1956 को केरल के तिरुअनंतपुरम के पास एक गांव चेमपजंथी में मदन असन और कुट्टियम्मा के घर हुआ था। उनका परिवार एझावा जाति से संबंध रखता था और उस समय के सामाजिक मान्यताओं के अनुसार इस अवर्ण' माना जाता था। छोटी उम्र से ही उनका आकर्षण तप की ओर था जिसके चलते वे संन्यासी के रूप में आठ वर्षों तक जंगल में रहे थे। उन्हें वेद, उपनिषद, साहित्य, हठ योग और अन्य दर्शनों का ज्ञान था। उन्होंने समानता का संदेश देकर एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर (ओरु जति, ओरु माथम, ओरु दैवम, मानुष्यानु) का प्रसिद्ध नारा दिया। उन्होंने वर्ष 1888 में अरुविप्पुरम में भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर बनाया, जो तब के जाति-आधारित प्रतिबंधों के खिलाफ था। उन्होंने एक मंदिर कलावन्कोड में अभिषेक किया और मंदिरों में मूर्तियों की जगह दर्पण रखा। यह उनके इस संदेश का प्रतीक था कि परमात्मा प्रत्येक व्यक्ति के भीतर है।

## अजमेर दरगाहा विवाद : पूर्व ब्यूरोक्रेट्स लॉबी का पीएम मोदी को खत, ऐसी अवैध और हानिकारक गतिविधियों पर हस्तक्षेप करें

अजमेर (एजेंसी)। अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका को लेकर देशभर में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इस बीच मामले में पूर्व ब्यूरोक्रेट्स और डिप्लोमैट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा गया कि भारत की एकता और अखंडता पर हमला करने वाली ऐसी अवैध और हानिकारक गतिविधियों पर हस्तक्षेप करें। पूर्व ब्यूरोक्रेट्स लॉबी ने अपने पत्र में जिक्र कर पीएम नरेंद्र मोदी को याद दिलाया कि उर्स के मौके पर उन्होंने भी अजमेर शरीफ में चादर पेश की थी।

पत्र लिखने वालों में दिल्ली के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर नजीब जंग, यूनाइटेड किंगडम में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शिव मुखर्जी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी, पूर्व उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रवि वीर गुप्ता सहित कई पूर्व ब्यूरोक्रेट्स और डिप्लोमैट्स शामिल है।

उन्होंने पत्र में कहा कि कुछ अज्ञात लोग हिंदू हितों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। इस दावे के साथ ये लोग मध्ययुगकालीन मस्जिदों और दरगाहों का सर्वे कराने की बात कहते हैं। पूर्व ब्यूरोक्रेट्स और डिप्लोमैट्स ने स्पष्ट किया कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के बाद भी अदालतें ऐसी याचिकाओं को आगे की सुनवाई का अधिकार दे देती हैं।

पत्र में कहा कि यह सोच से परे है कि कोर्ट ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की 12वीं सदी की दरगाह पर सर्वे का आदेश कैसे दे दिया। यह स्थल केवल मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी भारतीयों के लिए पवित्र माना जाता है। यह सोच हास्यास्पद है कि एक सूफी संत, फकीर, जो भक्ति आंदोलन का अंग रहा, वह कैसे एक मंदिर को तोड़कर दरगाह बनवा सकता है। इस पत्र में लिखा गया है कि काफी समय से यह देखने को मिल रहा है कि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के बीच टकराव की स्थिति बना रही है। यही नहीं ऐसा ही इस समुदाय के भी हो रहा है। इससे अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता और असुरक्षा का भाव पैदा हुआ है। इस तरह के विवादों से देश तरक्की नहीं कर कता और न ही आपके (पीएम मोदी) विकसित भारत के सपने को पूरा हो सकेगा।

पत्र में विभाजन के समय हुए दंगों और पिछले दशकों में हुए विवाद के बारे में याद दिलाकर कहा गया कि इससे आज भी देश में सांप्रदायिक संबंध मधुर नहीं हो सके हैं। पिछले 10 सालों जिस तरह के घटनाएं हुई, वे जैसी थी उस तरह दिखाई नहीं गई। इसतरह के मामलों में राज्य सरकारों की पक्षपात की नीतियां देखने को मिली हैं। ऐसा, पहले कभी अनुभव नहीं किया गया था। पत्र में जिक्र किया गया है कि यह गौमांस ले जा रहे मुस्लिमों को पीटने और धमकाने से शुरू हुआ था। जो धीरे-धीरे निर्दोष लोगों को भीड़ द्वारा घर में घुसकर मार देने में बदल गई। इसमें कई नरसंहार हुए और इस्लामोफोबिया के तौर पर इस परिभाषित कर भाषणों में उपयोग लिया गया। राज्यों के मुखिया (मुख्यमंत्रियों) के इशारे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों से सामान ना लेने, मकान किराए पर न देने जैसा आह्वान किया गया।

## महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी पर आदित्य ठाकरे ने उठाए सवाल, भाजपा पर साधा निशाना



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने सरकार के गठन में हो रही देरी की आलोचना की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह महाराष्ट्र का अपमान है। आदित्य ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने महायुति सरकार पर निशाना साधा और राज्य में अभी तक राष्ट्रपति शासन नहीं लगाए जाने पर सवाल उठाया।

आदित्य ने लिखा, 'परिणाम आने के एक सप्ताह से अधिक समय तक मुख्यमंत्री का चयन न कर पाना और सरकार न बना पाना न केवल महाराष्ट्र का अपमान है (हमारे राज्य को इतने हल्के में लेने के लिए) बल्कि उनके सबसे प्रिय चुनाव आयोग द्वारा दी गई सहायता का भी।' उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि नियम केवल विपक्षी दलों पर लागू होते हैं, जबकि कुछ विशेष दलों पर नियम लागू नहीं होते।

महायुति के सबसे बड़े घटक भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने लिखा, 'बिना सरकार बनाने का दावा किए और माननीय राज्यपाल को संख्याबल दिखाए बिना, एकतरफा शपथ ग्रहण की तिथि घोषित करना पूरी तरह अराजकता है। और इस सब के बीच, कार्यवाहक मुख्यमंत्री चंद्रमा की कला के अनुसार एक छोटी छुट्टी पर हैं, जैसा कि हमने पहले भी नियमित रूप से देखा है।'

आदित्य ने आगे लिखा, 'इस बीच, महाराष्ट्र उन लोगों के लिए कोई प्राथमिकता नहीं है जो सरकार बना सकते हैं। वे अपनी दिल्ली यात्राओं का आनंद ले रहे हैं। राष्ट्रपति शासन? क्या यह अब तक लागू नहीं हो जाना चाहिए था? क्या ऐसा नहीं होता, अगर विपक्ष के पास संख्याबल होता और निर्णय लंबित होता?'

# माह बदलते ही मौसम भी बदला, दिल्ली में कोहरा तो यूपी में चलेगी शीत लहर

### मौसम विभाग ने कहा-15 दिसंबर से कड़ाके की ठंड, चलेंगी सर्द हवाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिसंबर माह शुरु हो गया है लेकिन अभी कड़ाके की ठंड नहीं पड़ रही है। आईएमडी के मुताबिक रविवार को दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद मौसम में बदलाव आ सकता है। दिल्ली में भी अभी एक सप्ताह तक पारा लुढ़कने के आसार नहीं हैं। पहाड़ों पर मौसम कूल हो गया है। कुछ पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी से निचले इलाकों में ठंड का अहसास होने लगा है।

दिसंबर की शुरुआत के साथ ही मौसम भी करवट बदलनी शुरू कर दी है। दिल्ली में मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक स्मॉग और फॉग दोनों ही देखने को मिलेगा। ठंड उतनी नहीं पड़ेगी लेकिन सर्दी महसूस होगी। रविवार को सुबह स्मॉग और हल्का कोहरा छाया रहा। शाम और रात के समय स्मॉग के साथ हल्का कोहरा छा सकता है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने यूपी में भीषण ठंड पड़ने की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक 15 दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू हो सकती है और पूरे प्रदेश में ठंड के साथ सर्द हवाएं चलने लगेंगी। इस साल दिसंबर में सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से तीन दिनों तक लाहौल और स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। वहीं जम्मू कश्मीर के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। उसके बाद कुछ दिन मौसम शुष्क बना रहेगा फिर सात दिसंबर के बाद ऊंचे इलाकों में फिर से बारिश या बर्फबारी हो सकती है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902